वर्ष : 15
अंक : 13
लखनऊ
रविवार, 07 अप्रैल 2024
पृष्ठ : 08
मूल्य : 2 रुपए

हिन्दी साप्ताहिक

# टेलीस्कोप टुडे




3 हार की हताशा में कांग्रेस नेता कर रहे अमर्यादित आचरण: ब्रजेश
8 मुख्य सचिव ने महाकुंभ को ग्रीन और स्मार्ट बनाने पर दिया जोर

### संदेशखाली मामले पर पीएम मोदी ने टीएमसी को घेरा, कहा,

## गुनहगारों को सजा दिलावकर ही रहेगी बीजेपी

कूच बिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने संदेशखाली मामले को लेकर ज्डब् सरकार को घेरा। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के विकास के लिए यहां भाजपा का मजबूत होना बहुत जरूरी है, भाजपा ही है जो यहां माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पूरे देश ने देखा है कि कैसे ज्डब् सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी।

संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ वह टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा थी। भाजपा ने संकल्प लिया है कि वह संदेशखाली के दोषियों को सजा दिलवाकर ही रहेगा, उन्हें जेल में ही जिंदगी काटनी पड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा, आजादी के बाद हमारे देश में 6-7 दशक तक लोगों ने सिर्फ और सिर्फकांग्रेस का मॉडल देखा। पिछले 10 सालों में देश ने पहली बार पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का मॉडल देखा है। आज



दुनिया कहती है मजबूत नेता है, दुनिया कहती है मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है। मैं तो विनम्रता से यही कहना चाहता हूं मोदी तो भारत की जनता का बहुत सामान्य सेवक है।ष

प्रधानमंत्री ने कहा, यह 10 साल में जो विकास हुआ है वह सिर्फ ट्रेलर है... अभी तो मुझे बहुत कुछ करना है, अभी तो हमें देश को, पश्चिम बंगाल को बहुत आगे ले जाना है। मेरे विरोधी कहते हैं मोदी का परिवार नहीं है, मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। पीएम ने कूच बिहार में कहा, टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट की राजनीति झूठ, भ्रम और अपप्रचार पर टिकी है। प्छक्प् गठबंधन अपने आप में झूठ और भ्रम का प्रत्यक्ष उदाहरण है, यहां टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस वाले आपस में लड़ते हैं लेकिन दिल्ली में ये एक साथ रहते हैं। पीएम मोदी ने कूच बिहार में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, मैं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं क्योंकि 2019 में मैं इसी मैदान में जनसभा करने आया था तब उन्होंने एक बड़ा मंच बीच में बनाकर मैदान छोटा कर दिया था, मैंने तब उनसे कहा था कि जनता आपको जवाब देगी लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया और मैदान खुला रखा... इसलिए मैं बंगाल सरकार का कोई रुकावट न करने के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

## 2 पाकिस्तानी समेत 3 आतंकी गिरफ्तार, हिजबुल मुजाहिदिन से ट्रेनिंग से चुका है अल्ताफ

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के एटीएस ने एक वीरवार को दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये सभी आरोपी प्ैप् की मदद से भारत में आतंकी घटना का अंजाम देने के लिए तैयारी कर रहे थे। वहीं, इस मामले को लेकर एटीएस का कहना है कि पछ्छिले कुछ समय से सूचना प्राप्त हो रही थी कघ्ि कुछ पाकघ्स्तिानी नागरघ्कि, पाकघ्स्तिानी खुफ्यिा एजेंसी आईएसआई की सहायता से नेपाल सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले हैं।

यह भी आसूचना प्राप्त हुई कि ये लोग भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने का मंसूबा रखते हैं व आईएसआई के सहयोग से हिज्ब उल मुजाहिद्दीन के ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण भी ले चुके हैं। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर द्वारा इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक सर्विलान्स करते हुए विकसित किया गया तो यह तथ्य प्रकाश मे आए कि दो पाकिस्तानी व्यक्ति भारत नेपाल सीमा के तटवर्ती गाँव शेख फरेन्दा होते हुए, गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले हैं। आज दिनाँक 03 अप्रैल को एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर द्वारा, नेपाल-भारत (सोनौली बॉर्डर) से तीन अभियुक्तों 1- मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट, निवासी मकान नम्बर 559, सादिकाबाद, रावलपिण्डी, पाकिस्तान 2- सैय्यद गजनफर पुत्र सैय्यद मोहम्मद सैय्यद, निवासी-तरामणि चौक इरफानाबाद, एफ-87, हाउस नम्बर 19, जामिया अली मुर्तजा मस्जिद, इस्लामाबाद, पाकिस्तान व 3- नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली निवासी कराली पोरा हवल श्रीनगर जम्मू एन्ड कश्मीर, भारत को गिरफ्तार कर लिया गया। मोहम्मद अल्ताफ भट उपरोक्त ने प्रारम्भिक पूछताछ में बताया कि उसका जन्म कश्मीर में हुआ था और कारगिल युद्ध के बाद वह हिजबुल मुजाहिदीन के एक मिलिटेन्ट के साथ जिहाद की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान चला गया, अलताफने बताया कि वह हमेशा से ही चाहता था कि कश्मीर, पाकिस्तान का हिस्सा बने। इसी उद्देश्य से अलताफने पाकिस्तान पहुंचकर आईएसआई के निर्देशन मे हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद कैम्प में जेहादी प्राशिक्षण लिया। अलताफ ने बताया कि पाकिस्तानी खुफ्यिा एजेन्सी आईएसआई कश्मीर स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर भारत में आतंक फैलाने के उद्देश्य से भारतीय लोगों को अपनी तंजीम में जोड़ रहे हैं। अलताफहिजबुल मुजाहिदीन का साहित्य पढ़कर तथा अन्य जेहादी संगठनो के अमीर ध् उस्तादों की तकरीरें (भाषण) सुनकर उनसे प्रभावित हुआ।

## कानपुर में वाहन चेकिंग में पुलिस के हत्थे चढ़ा फर्जी आयकर अधिकारी

कानपुर। वाहन चेकिंग के दौरान कार रोकने पर खुद को आयकर अधिकारी बताना युवक को महंगा पड़ गया। रावतपुर में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक कार रोक कर जांच करनी चाही



तो युवक आयकर विभाग का आईडी कार्ड दिखाते हुए पुलिस पर रौंब दिखाने लगा। मौके पर मौजूद एसीपी ने उसका पद पूछा तो युवक हड़बड़ा गया, शक होने पर पुलिस ने जांच की तो कार्ड फर्जी निकला। रावतपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार शाम वह रावतपुर थाने में तैनात दरोगा करुणा शंकर मिश्र के साथ मसवानपुर चौराहे पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक काले रंग की कार आते हुए दिखी, जिसकी नंबर प्लेट के ऊपर आयकर विभाग लिखा हुआ था। साथ ही बीच में अशोक स्तंभ का लोगो भी बना हुआ था। पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोक कर जांच करने का प्रयास किया तो चालक ने आयकर विभाग का आईडी कार्ड दिखाते हुए खुद को आयकर अधिकारी बताया। एसीपी ने बताया कि आयकर विभाग में पद की जानकारी की तो आरोपी युवक सकपका गया, जिसके बाद शक होने पर आईडी कार्ड की जांच की गई, जो फर्जी निकला। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम कल्याणपुर महावीरपुरम नई बस्ती निवासी रितेश शर्मा बताया। एसीपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर आईडी कार्ड व कार को जब्त किया गया है।

## अयोध्या, काशी के बाद मथुरा-वृंदावन पर फोकस: योगी

### आधी आबादी का अपमान करने वाले इंडी गठबंधन के लोगों को सबक सिखाएगा सबक देश

लखनऊ (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में जीत मिलने की उम्मीद जताई। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथुरा राधा रानी और यमुना मइया की भूमि है। यहां मातृशक्ति पर ओछी टिप्पणी करने वालों को भगवान भी बचा पाएंगे या नहीं, इसमें भी संदेह है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और बीजेपी की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। मुख्यमंत्री योगी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं।मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने वर्तमान सांसद हेमा मालिनी को तीसरी बार प्रतिष्ठित मथुरा सीट से नामांकन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार हेमा यहां से प्रत्याशी बनी हैं तो दूसरी पार्टियों के पास प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहे। उन्हें उधार में प्रत्याशी लेने पड़ रहे हैं और जब उधार में भी नहीं मिल रहे तो कांग्रेस के नेता अपना आपा खो चुके हैं। मातृ शक्ति पर अपमानजनक टिप्पणी करके आधी आबादी का अपमान करने पर उतारू हो चुके हैं। मगर इंडी गठबंधन वालों को जानकारी होनी चाहिए कि ये राधे रानी और यमुना मइया की भूमि है। अगर आधी आबादी का अपमान करोगे तो पूरा भारत ऐसा सबक सिखाएगा कि राजनीति करने लायक नहीं रहोगे।



उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, मगर इसका मतलब ये नहीं कि हम मातृशक्ति का अपमान करें।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। उन्होंने कहा कि मथुरा कला की भूमि है। भगवान कृष्ण ने 16 कलाओं के साथ यहीं पर अवतार लिया है। कला का सम्मान करने के लिए इससे अच्छी भूमि कौन हो सकती है। इसलिए भारत की सुविख्यात सिने अदाकारा जिन्होंने अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से भारत की संस्कृति और सभ्यता को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में पूरा जीवन लगा दिया हो। इनके मंचन को देखने के लिए दुनियाभर के लाखों लोग जुटते हैं। इसका सम्मान कौन भारतीय नहीं करेगा, यदि ये भी कांग्रेसियों को बुरा लगता है, तो उन्हें भगवान भी बचा पाएगा या नहीं इसपर संदेह होता है।न्यायालयों में भी अंततः हमारी जीत होनी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सवाल किया कि 60 साल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने काशी, मथुरा और अयोध्या में विकास क्यों नहीं किया। हेमा मालिनी के सुझाव पर मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, बलदेव का विकास ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से यहां विकास कार्यों को सुनिश्चित किया गया है। ऐसे ही सभी तीर्थों में विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कई जगह न्यायालयों में मामला होने के कारण हमें रुकना पड़ता है। मगर हम यही मानकर चलते हैं कि अंततः हमारी जीत होनी है। अयोध्या के लिए 500 साल तक इंतजार किया मगर संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे और अंततः परिणाम हमारे पक्ष में आया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आखिर क्या वजह थी कि अयोध्या में श्रीराम के मंदिर का निर्माण सपा, बसपा और कांग्रेस ने नहीं किया। ये लोग तो रामभक्तों पर गोली चलाते थे। कोई जय श्रीराम भी कह देता था तो उनपर लाठी और गोलियां चलती थीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और अयोध्या में विकास के कार्य लाइनअप हैं। अब हमारा पूरा फोकस ब्रज भूमि पर है।

## सरेंडर कर दो मुख्तार की भगोड़ी बीवी अफ्शां को अफजाल अंसारी की सलाह

गाजीपुर। माफिया मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शां अंसारी कई आपराधिक मामलों में फरार चल रही हैं। प्रशासन ने उनके ऊपर इनाम भी घोषित किया है। कयास लगाए जा रहे थे कि वो मुख्तार को दफ्नाने के समय जरूर पहुंचेंगी, लेकिन वो तब भी नहीं आई। बता दें कि दर्जन मुकदमों के चलते मऊ पुलिस की ओर से अफ्शां को भगौड़ा तक घोषित किया गया है। मुख्तार के जेल जाने के बाद उसके सारे कामकाज को अफ्शां ही संभालती रहीं। ऐसे में मुख्तार के बड़े भाई और गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं अफ्शां को सलाह देता हूं कि वो आत्मसमर्पण कर दें। या तो कोई और न्यायिक प्रक्रिया के जरिए कोई रास्ता निकले तो उसे अपना लें। वहीं, अब्बास अंसारी के रिहाई के बारे में अफजाल ने कहा कि पैरोल के लिए हम हाईकोर्ट गए थे, लेकिन उस समय न्यायाधीश कोर्ट में नहीं थे।

इसलिए अब्बास को पैरोल नहीं मिल पाई। हम प्रयास करेंगे कि अब्बास की रेगुलर बेल हो। वह जल्द ही बेल पर बाहर आएगा। उन्होंने कहा कि अब्बास के खिलाफ कोई सीरियस मुकदमा नहीं है। मात्र तीन मुकदमे हैं, जिसमें एक हाईकोर्ट में है। उन्होंने कहा कि जिस दिन भी डेट लगेगी, मेरिट के आधार पर उसकी बेल करवाने की कोशिश की जाएगी। अब्बास के बारे में बात करते हुए अफजाल अंसारी ने कहा कि वह कासगंज की जेल में बंद है। उसके ऊपर मऊ में चुनाव के दौरान कई सारे मुकदमे दर्ज किए गए, शूटिंग के मामले को लेकर भी अब्बास पर मुकदमे दर्ज हैं। लखनऊ की जमीन और गाजीपुर की किसी जमीन को लेकर भी अब्बास पर मुकदमा लिखवाया गया है। ज्यादातर मामलों में उसकी जमानत हो गई है। उन्होंने कहा कि सिर्फतीन मामले ऐसे हैं जिसमें उसका एप्लीकेशन हाईकोर्ट में पेंडिंग है।

## हटाये जा रहे पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

लखनऊ (यूएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 64,97,283 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी।

## राहुल गांधी एक महत्वाकांक्षी मां के शिकार हैं, जैसा कि हमने फिल्म 3 इडियट्स में देखा: कंगना रनौत

मंडी। अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा की लोकसभा उम्मीदवार कंगना रनौत ने गुरुवार को सोनिया गांधी का संदर्भ देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक महत्वाकांक्षी मां के शिकार हैं। कंगना रानौत ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका दोनों पर सोनिया गांधी द्वारा राजनीति में ष्दबावष् और ष्मजबूरष् किया गया था। क्वीन अभिनेता ने कहा, राहुल गांधी एक महत्वाकांक्षी मां के शिकार हैं। जैसा कि हमने फिल्म 3 इडियट्स में देखा है, बच्चे खुद परिवारवाद का शिकार बन जाते हैं। राहुल गांधी के साथ भी यही स्थिति है। रनौत ने कहा कि राहुल और प्रियंका गांधी दोनों को राजनीति में बने रहने के लिए उनकी मां द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था और उन्हें अपना जीवन जीने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। उन्होंने यह भी कहा कि 50 साल से अधिक उम्र होने के बावजूद राहुल गांधी को हमेशा एक युवा नेता के रूप में रीलॉन्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि उस पर दबाव डाला जा रहा है और वह बहुत अकेला है। मंडी के रहने वाली अभिनेता ने आगे कहा कि कांग्रेस के वंशज को कोई अन्य पेशा अपनाने की अनुमति दी जानी चाहिए थी और वह अभिनय में अपना हाथ आजमा सकते थे। रनौत ने कहा, राहुल गांधी को कुछ और करना चाहिए था और शायद अभिनय में भी हाथ आजमाना चाहिए था। वह एक अच्छे अभिनेता बन सकते थे। उनकी मां दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में से एक हैं। उनके पास संपत्ति की कोई कमी नहीं है। ऐसी अफवाहें हैं कि वह एक अच्छे अभिनेता हैं। एक महिला के साथ रोमांटिक संबंध है, लेकिन वह शादी नहीं कर रहा है, इसके आगे कंगना रनौत ने कहा, यह पीएम मोदी का चुनाव है। यदि आप कंगना को वोट देंगे, तो यह पीएम मोदी को जाएगा... जब एक सरकार भारत में बनी एक श्विदेशी मानसिकता के विस्तार के रूप में उनके अधिकांश अधिकारी विदेशी होने के कारण उन्होंने हमारे स्वाभिमान को चूर-चूर कर दिया।

# सम्पादकीय

## आप की दुर्दशा से विपक्ष के लिये सबक

एक तरफतो देश लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़ा है वहीं दूसरी तरफ जो अनेक घटनाक्रम जारी हैं उनमें राजनैतिक बयानों, सीटों के तालमेल, प्रचार सभाओं, प्रेस कांफ्रेंसों आदि के अलावा जिस विषय की सर्वाधिक चर्चा है, वह है आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कथित शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रोज गिरती गाज। पिछले लगभग एक पखवाड़े के भीतर दो बार ईडी की हिरासत (पहले 6 एवं बाद में 4 दिनों की) में रहने के बाद मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजे गये दिल्ली के मुख्यमंत्री व आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल अब दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत पाने हेतु संघर्षरत हैं। दूसरी ओर करीब 6 माह जेल में गुजारने के बाद पार्टी के सांसद संजय सिंह जमानत पाने में सफल हो चुके हैं। हालांकि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन अब तक सलाखों के पीछे हैं। इतना ही नहीं, आप सरकार की मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज मुख्य रूप से सीधे तौर पर कहें तो ईडी के और परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर हैं। कोई दावे से नहीं कह सकता कि आप के कितने मंत्री, विधायक या नेता भी जांच एजेंसी के रडार पर हैं। यह साफहो जाने के बाद कि इसे करोड़ों का घोटाला बतलाकर दो साल से इसकी जांच कर रही ईडी न तो एक पैसा बरामद कर सकी और न ही यह बतला पाई है कि इसका पैसा किसे मिला है, न तो जांच पूरी हो सकी है और न ही गिरफ्तारियां रुक रही हैं।

अब तो यह भी साफहो चला है कि भाजपा का उद्देश्य जो पहले आप को कमजोर करना था, अब वह चाहती है कि पार्टी नेताओं का ज्यादा से ज्यादा समय कोर्ट-कचहरियों में उलझकर बर्बाद होता रहे ताकि वे पार्टी का प्रचार न कर सकें। आप की दिल्ली के अलावा पंजाब में बड़ी उपस्थिति है परन्तु भाजपा की वहां कोई बड़ी दावेदारी नहीं है। भाजपा की दिलचस्पी ही नहीं, बल्कि नाक का भी सवाल है कि वह दिल्ली लोकसभा की सारी सीटें जीते। आप के हाथों विधानसभा चुनावों में मिली दो-दो बार की पराजयों के भी मद्देनजर वह आहत है तथा अगला विधानसभा चुनाव जीतने के लिये उसे यहां से बड़ी जीत चाहिये जिसके आसार काफी कम हैं। यह बात सामने आ चुकी है कि जांच एजेंसियां भाजपा के वे हथियार हैं जिनके बल पर वह श्ऑपरेशन लोटसश् के नाम से निर्वाचित सरकारों को गिराती है, अल्पमत में होकर भी अपनी सरकारें बनाती है, विरोधियों को उनका डर दिखाकर अपने खेमे में करती है, अपने लिये चुनावी चंदा बटोरने में उसका सहयोग लेती है। अब जबकि मतदान कुछ ही दिनों की दूरी पर रह गया है, आप का कांग्रेस के साथ दिल्ली में गठबन्धन हो चुका है, सीटों के बंटवारे पर मुहर लग चुकी है, वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन का हिस्सा भी बन चुका है (यह निर्णय भी उसने काफी देर से लिया) तथा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया के सभी दलों ने एक विशाल रैली भी की थी- तो भी यह उन दलों व नेताओं के मंथन का मुफीद अवसर है जो अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते देश व लोकतंत्र पर छाये उस बड़े खतरे से आंखें मूंदे हुए हैं जो एक बहुत बड़े रूप में सबके समक्ष है। पिछले 10 वर्षों में, खासकर भाजपा के 2019 से जारी दूसरे कार्यकाल के दौरान जिस प्रकार से सरकार निरंकुश बनी है, उसमें प्रमुख हमला विपक्ष पर हो रहा है। 2014 में तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्कांग्रेस मुक्त भारतश् का ही नारा दिया था लेकिन अब वह विपक्ष मुक्त भारत का सपना न केवल देख रही है बल्कि उसे साकार भी कर रही है। उसका ऑपरेशन लोटस तथा विपक्ष को तोड़ने में जांच एजेंसियों का निर्लज्ज इस्तेमाल इसी अभियान के माध्यम व उपकरण हैं। हाईकोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी कह चुके हैं कि भाजपा आप को पूरी तरह से खत्म करना चाहती है। यह समय इस बात को याद करने का भी है कि आप लम्बे समय तक भाजपा की श्बीश् टीम के रूप में काम करती रही है। राजनैतिक महत्वाकांक्षा कोई बुरी बात नहीं और यह सभी का हक भी है कि वह जिस प्रकार से चाहे अपना विस्तार करे, लेकिन आम आदमी पार्टी के बहुत से निर्णय भाजपा को मजबूत करने के हुए हैं। जनांदोलन तथा सिविल सोसायटियों से निकली पार्टी यह समझ नहीं पाई- यह आश्चर्य है। उसने कई ऐसे राज्यों में चुनाव लड़े जहां उसका अस्तित्व तक नहीं था। अब भी पंजाब में वह कांग्रेस से अलग चुनाव लड़ रही है। आप की जो मौजूदा दुर्दशा है उसके लिये वह खुद बड़े पैमाने पर जिम्मेदार है और उसकी इस हालत से उन दलों को सबक लेना चाहिये जो भाजपा के विरोध में तो हैं पर विपक्षी मत विभाजन के भी जिम्मेदार हैं।

# दुनिया में अब तक का सबसे महंगा होगा 2024 का लोकसभा चुनाव

अंजन रॉय

आपने भारत के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट के बारे में जो भी सोचा हो, एक बात आपको माननी ही होगी कि वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। भारत सरकार के लाखों करोड़ रुपये के खर्च की अध्यक्षता करने के बाद, भी वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि उनके पास संसदीय चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। दरअसल, भारतीय चुनाव बेहद महंगे हैं और यह आश्चर्य की बात है कि इतने सारे दावेदार इन्हें इतने भव्य तरीके से कैसे लड़ते हैं। चुनावी फंडिंग हमेशा से एक पेंचीदा विषय रहा है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई उतार-चढ़ाव आये हैं। वास्तव में पैसा कहां से आयेगा ? एक समय था जब कॉर्पोरेट योगदान कानूनी थे और कॉर्पोरेट्स से खुले तौर पर और कानूनी रूप से योगदान करने की उम्मीद की जाती थी, इंदिरा गांधी जैसे प्रधानमंत्री ने इसमें अंकुश लगाया था, जिन्होंने राजनीतिक दलों और चुनावों में कॉर्पोरेट योगदान पर प्रतिबंध लगा दिया था।

इसके बाद, उनके बेटे राजीव गांधी ने प्रतिबंध हटा दिया। पारदर्शी चुनाव की खोज में अनगिनत प्रस्ताव रखे गये। शीर्ष पंक्ति में से एक चुनाव के लिए राज्य द्वारा वित्त पोषण था। राजनीतिक दलों द्वारा लूट-खसोट के लिए सरकारी वित्त के दुरुपयोग के डर से इसे तुरंत स्वीकार नहीं किया गया। अब भी, दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां ऐसी फंडिंग व्यवस्था के पक्ष में हैं। दोनों वामपंथी दलों को छोड़कर, अधिकांश राजनीतिक दल राजनीतिक फंडिंग को लेकर परेशान रहते हैं क्योंकि वे चोरी-छिपे पैसा कमाने का रास्ता अपनाते हैं। भाजपा जहां एक ओर



अवैध धन कमाने की अवधारणा पर हमला कर रही है, वहीं उसने अब असंवैधानिक घोषित चुनावी बांड स्वीकार कर लिया, और हम चुनावी बांड के बारे में जो कुछ भी जानते हैं, उससे तो बांड के माध्यम से चुनावी फंडिंग का रहस्य और भी गहरा हो गया है। एक लॉटरी किंग चुनावी बांड के दानकर्ताओं में सबसे आगे रहा। बांड से मिले धन किसे लाभ पहुंचाते हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। लेकिन जाहिर है, लाभार्थियों से मेल खाने वाले योगदानकर्ताओं की स्मोकस्क्रीन के तहत, यह अनुमान लगाना अभी भी संभव है कि कौन किस पार्टी को योगदान दे रहा है- यह योगदानकर्ता के प्रमुख संचालन के क्षेत्रों और उस क्षेत्र में प्रमुख पार्टियों के बीच होना चाहिए। इसका कारण यह है कि दक्षिण स्थित लॉटरी किंग को अत्यधिक लोकप्रिय दक्षिणी पार्टियों में से कुछ को लाभ पहुंचाना चाहिए। पूर्व भारत में, बिजली वितरण कंपनी, जो सिटी ऑफ जॉय अर्थात कोलकाता में एकाधिकार का आनंद ले रही थी, उसके वहां के ही राजनीति बॉस को खुश रखने की उम्मीद थी न कि सुदूर उत्तर प्रदेश या छत्तीसगढ़ में। भाजपा के पास बड़ा चुनावी बांड का अधिक हिस्सा जाना कोई आखिरी आश्चर्य भी नहीं है। लेकिन कुछ क्षेत्रीय सरदार भी काफी धन पा सके। एक उदाहरण के रूप में छोटे अंकगणित पर विचार करेंरू भाजपा को देश भर में अपने सहयोगियों के साथ 543 सीटें हासिल करनी हैं और 8250 करोड़ रुपये जुटाने हैं। इसलिए प्रति सीट चुनावी बांड के तहत संग्रह लगभग 16 करोड़ रुपये होगा। यदि यह माना जाये कि भाजपा लगभग 500सीटों पर चुनाव लड़ेगी और शेष सहयोगी दलों के लिए छोड़ देगी तो यह चुनावी बांड की कुल धनराशि उस वास्तविक राशि का एक छोटा सा हिस्सा है जो पार्टी वास्तव में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए खर्च करेगी।इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस ने 1600 करोड़ रुपये जुटाये हैं और उसे लगभग 42 सीटें, प्लसध्माइनस कुछ और सीटें जीतनी हैं। इसलिए प्रतियोगिता के लिए प्रति सीट 38 करोड़ रुपये की सम्मानजनक राशि है, जो एक छोटी पार्टी के लिए बुरा नहीं है। व्यक्तिगत विवरण को छोड़ दें, जो कई लोगों के लिए बहुत सुखद नहीं हो सकता है, भारत में लोकतंत्र का नृत्य एक महंगा मामला है। पश्चिमी गोलार्ध के बाहर किसी भी चीज के प्रति अपने दंभपूर्ण रवैये के बावजूद, लंदन की द इकानॉमिस्ट पत्रिका स्वीकार करती है कि चालू वर्ष का भारतीय आम चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। अविश्वसनीय रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से भी महंगा। ब्लूमबर्ग के अनुमान के अनुसार, 2019 में पिछले आम चुनाव में लगभग 8.6 बिलियन डॉलर खर्च होने का अनुमान है। मौजूदा चुनाव में लगभग 12 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। देश की 3.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश के लिए इस आम चुनाव में खर्च सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 0.15 फीसदी ही होगा। एक छोटा अंश, अधिसंख्य लोग सोचेंगे। वास्तव में, दो कारणों से ऐसा नहीं है। पहला, आम चुनाव हमेशा कीमतों को बढ़ाता है। चूंकि अधिकांश खर्च जमीनी स्तर पर होंगे, और पैसा उन जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के हाथों में चला जाता है, जिससे उनके हाथ में थोड़े समय के भीतर काफी अधिक आय खर्च करने योग्य होता है। प्रतिशत के अलावा, इस तरह के पैसे को अचानक सबसे निचले स्तर पर डालने से मांग में थोड़ा उछाल आता है। ऐसी स्थिति में जब कीमतें पिछले कुछ समय से लगातार बढ़ रही हैं, मूल्य नियंत्रित करने वाले अभिभावकों को थोड़ा सतर्क ही रहना चाहिए। अधिक उदार मौद्रिक नीति की कोई भी आशा संदर्भ से थोड़ी हटकर होगी। दूसरे, अधिकांश खर्च नकद में होंगे। नतीजतन, खर्च वह होगा जिसे मोटे तौर पर काला धन कहा जा सकता है। दान देने वाले और खर्च करने वाले सभी ऐसे खर्चों में आनंद लेंगे जहां पैन नंबर जांच का पहला बिंदु नहीं होगा। काले धन के प्रचलन में बढ़ोतरी इसके निहितार्थ होंगे। यह मानकर चला जा सकता है, और मैं विश्वास करता हूं कि श्काले धन को रोकनेश् के लिए नोटबंदी का एक और दौर नीति-निर्माताओं के मन में नहीं होगा।

# इस भारत को न जानने और न मानने वाले

सर्वमित्रा सुरजन

18वीं लोकसभा का चुनाव शुरु होने में अब केवल 15 दिन रह गए हैं। भाजपा का दावा है कि वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करने जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को लालकिले से ऐलान कर ही दिया था कि वे अगली बार भी झंडा फहराने आएंगे। इसके अलावा अलग-अलग मौकों पर कई मंचों से उन्होंने अपनी वापसी का तानाशाही भरा ऐलान किया। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 90वें स्थापना दिवस पर भी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं सौ दिन चुनाव में व्यस्त हूं, तब तक का वक्त आप लोगों के पास है। उसके बाद आप तैयार हो जाइए धमाधम काम आने वाला है। उनकी इस बात पर वहां मौजूद तमाम रसूखदार लोग कठपुतलियों की तरह ताली बजाते और ठहाका भरते नजर आए। किसी ने यह सवाल करने की जहमत नहीं उठाई कि साहब पहले मतदान तो हो जाने दीजिए। सात चरणों में मतदान होगा, फिर 4 जून को नतीजे आएंगे, तब बता दीजिएगा कि धमाधम काम आएगा या नहीं।

प्रधानमंत्री का एकालाप मगन होकर सुनने वालों में राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री और भारत सरकार के आला दर्जे के अफसर सभी शामिल थे, लेकिन सभी में रीढ़ की हड्डी गायब दिखी। इनकी शिक्षा, अनुभव, ओहदा, सब बेकार नजर आए। वहीं एक निजी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में तिहाड़ जेल जा चुके एक कथित पत्रकार भाजपा के झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। अपने संबोधन में इन पत्रकार महोदय ने यूक्रेन और रूस के युद्ध को नरेन्द्र मोदी ने रुकवाया है, इस झूठ को आगे बढ़ाने की कोशिश की। लेकिन श्रोताओं में मौजूद एक छात्रा ने पलट कर कह दिया कि अच्छा तो तब लगता जब युद्ध वाकई रुका होता। इस छात्रा की हिम्मत रिजर्व बैंक के समारोह में उपस्थित कथित गणमान्य लोगों की काबिलियत पर भारी दिखी। कम से कम उसने सच बोलने और झूठ बोलने पर टोकने का जज्बा तो दिखाया वर्ना यह सिलसिला ऐसे ही आगे बढ़ता रहता। इस वक्त देश में उस छात्रा जैसी हिम्मत और तार्किक सोच रखने वालों की सख्त जरूरत है। क्योंकि इस बार के चुनाव वाकई तय करेंगे कि अब देश में संविधान बचा रहेगा या फिर देश हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। व्हाट्सऐप पर एक संदेश इन दिनों खूब प्रसारित किया जा रहा है। जिसमें लिखा है कि किसे वोट दें, यह समझ नहीं आए तो किन-किन लोगों से पूछना चाहिए। फिर इसमें कश्मीरी पंडितों, राम मंदिर के भक्तों, तीन तलाक पाने वाली महिलाओं, 5 किलो मुफ्त अनाज पाने वाले गरीब, आयुष्मान कार्डधारी लोगों, ऐसे कई वर्गों का जिक्र किया गया है और इसमें खुलकर झूठ का बखान भी है, जैसे 24 घंटे बिजली पाने वाले, सीधे खाते में रुपए पाने वाले आदि बातों को लिखा गया है। बड़ी सफाई से 15 लाख हर खाते में, हर साल 2 करोड़ रोजगार, किसानों की दोगुनी आय, सस्ता पेट्रोल और रुपए की कीमत में सुधार जैसी बातों को छोड़ दिया गया है। फिर इसमें अपील की गई है कि इसे 10 हिंदू मित्रों और रिश्तेदारों के साथ साझा करें। आगे इस संदेश में ये भी बताया गया है कि इस बार 400 पार जाना क्यों जरूरी है। संसद में सीटों का आंकड़ा समझाते हुए कहा गया है कि इस बार मोदी जी को 407 सीटें दीजिए। मोदी 3.0 2024 में होगा तो वक्फबोर्ड खत्म होगा, 10 करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगा देंगे, अल्पसंख्यक आयोग खत्म होगा, पूजा स्थल कानून खत्म हो जाएगा, आतंकवाद की फैक्ट्री वाले मदरसों पर रोक लगाई जाएगी और समान शिक्षा कानून बनाया जाएगा, केंद्र और 29 राज्य सरकारों द्वारा चलाए जा रहे 600 अल्पसंख्यक मंत्रालय खत्म हो जाएंगे, 4-4 निकाह और 3 तलाक पर रोक लग जाएगी, पत्थरबाजों और दंगाइयों की 100प्रतिशत संपत्ति जब्त कर 10 साल की सजा का प्रावधान होगा। इसके बाद आखिरी में लिखा है कि आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, एआई, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश 100प्रतिशत बढ़ाया जाएगा। व्हाट्सऐप पर प्रसारित हो रहा ये संदेश बहुत बड़ा है, जिसे संक्षिप्त में ऊपर वर्णित किया गया है। इस संदेश को देखने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के पीछे की मंशा देश का संविधान बदलना है। ध्यान देने की बात ये है कि भाजपा अपने इस मकसद को बड़ी चालाकी से जनता तक पहुंचा रही है। क्योंकि मोदी की गारंटियों में कहीं हिंदू राष्ट्र बनाने का जिक्र नहीं है। भाजपा का घोषणापत्र भी अब तैयार हो रहा है, जिसमें सरकार की उपलब्धियों और कश्मीर, राम मंदिर जैसी बातों का उल्लेख होगा, लेकिन साफतौर पर ये कहीं नहीं लिखा होगा कि हम तीसरी बार सत्ता में आएंगे तो संविधान बदल देंगे। मगर भाजपा काम उसी दिशा में कर रही है। भाजपा के सांसद अनंत हेगड़े ने पिछले दिनों कहा था कि अगर 4 सौ से ज्यादा सीटें एनडीए को मिलती हैं, तो संविधान बदल देंगे। वहीं हाल ही में राजस्थान के नागौर से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वे अपने प्रचार के दौरान लोगों से कह रही हैं कि- आप लोग जानते हैं कि अगर संविधान में हमें कोई बदलाव करना होता है तो संसद के दोनों सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में बहुमत की आवश्यकता होती है। लोकसभा में आज बीजेपी और एनडीए के पास प्रचंड बहुमत है लेकिन राज्यसभा में आज भी हमारे पास बहुमत नहीं है। यहां ज्योति मिर्धा ने संसद के आंकड़े वैसे ही लोगों को समझाए जैसे व्हाट्सऐप में समझाए गए हैं। इसका मतलब भाजपा का एजेंडा एकदम साफहै कि उन्हें 4 सौ सीटें संविधान बदलने के लिए चाहिए। ज्योति मिर्धा के इस वीडियो पर जब सवाल उठे, तो उन्होंने सफाई दी कि उनके बयान को बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया गया है। वे लोगों को केवल संविधान संशोधन की प्रक्रिया समझा रही थीं। ज्योति मिर्धा का यह दावा भी झूठा ही है, क्योंकि उन्होंने साफ-साफसंविधान में बदलाव की बात की है। जबकि 1950 से लेकर अब तक सौ से ज्यादा संशोधन संविधान में हो चुके हैं और इस दौरान जो भी गठबंधन या दल सत्ता में रहा, उसे इसके लिए 4 सौ से ज्यादा सीटों की जरूरत नहीं पड़ी। इस बार के चुनाव शुरु होने से पहले ही जिस तरह बार-बार बहुमत की जगह 4 सौ के आंकड़े को भाजपा ने लोगों के दिल-दिमाग में बिठाने की कोशिशें शुरु कर दी हैं, दरअसल वह एक बड़े खेल की रणनीति है। जिसमें जनता को मानसिक तौर पर एक बड़े बदलाव के लिए तैयार किया जा सके। 2014 में अच्छे दिनों का जुमला भी ऐसा ही एक खेल था, जिसमें उलझ कर जनता ने भाजपा को बहुमत दिया था। यह एक किस्म की मनोवैज्ञानिक रणनीति है, जिसमें एक ही बात को इतनी बार कहा जाए कि फिर उसके होने पर लोग यकीन करने लगें और जब दावे के अनुरूप कुछ न हो, तब भी सवाल पूछने की जरूरत महसूस न हो।

जनता को मनोवैज्ञानिक तौर पर प्रभावित करने का एक और जरिया फिल्में और गीत भी हैं। कश्मीर फाइल्स और द केरला स्टोरी के बाद इस बार के चुनाव से पहले आर्टिकल 370, वीर सावरकर और जेएनयू जैसी फिल्मों का जिक्र भाजपा खेमे से होने लगा है। प्रधानमंत्री मोदी भी कई बार अपने भाषणों में इन फिल्मों का प्रचार करते दिखे और यह समझना कठिन नहीं है कि देश के लिए करने वाले सारे कामों को छोड़कर उन्हें किसी फिल्म के प्रचार की जरूरत क्यों पड़ती है। बहरहाल, जेएनयू यानी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी नाम की फिल्म का एक गीत अभी चर्चा में आया है, जिसमें लेखक, अभिनेता पीयूष मिश्रा पर फिल्माया गया है, आवाज भी उन्हीं की है। इस गीत के बोल हैं- पूंजीवाद से मुझको डराते हो क्यों।

टेलिस्कोप टुडे (हिन्दी साप्ताहिक), स्वामी, प्रकाशक/मुद्रक भास्कर सिंह द्वारा रामा मुद्रणालय, 121 विवेक नगर, प्रतापगढ़ (उप्र) से मुद्रित एवं 537/145(ए), इंद्रपुरी शेरवानी नगर, सीतापुर रोड लखनऊ (उप्र) - 226020 से प्रकाशित।
सम्पादक - भास्कर सिंह, UPHIN/2010/31335, फोन नं. 9415767527, 9335900003, E-mail : telescopetoday1122@gmail.com, bharatnews1975@gmail.com, नोट : किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

# संक्षिप्त

## जिले के चार कस्तूरबा विद्यालय में अब होगी इंटर तक की पढ़ाई

हमीरपुर। जिले के चार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बालिकाएं अब इंटर तक पढ़ाई कर सकेंगी। इसके लिए कुरारा, मुस्करा, सरीला व गोहांड ब्लॉक के नवनिर्मित भवनों का हस्तांतरण कर दिया गया है। नएए सत्र में कक्षा नौ में छात्राओं को प्रवेश नजदीक क्षेत्र के स्कूल में दिया जाएगा। पूर्व में संचालित कक्षा छह से आठ तक की शिक्षिकाओं के माध्यम से अकादमिक भवन में पठन पाठन कराया जाएगा। जिला समन्वयक ( बालिका शिक्षा ) रवि श्रीवास्तव ने बताया कि सभी कस्तूरबा विद्यालय में नए भवन का निर्माण हो रहा है। अभी कुरारा, मुस्करा, सरीला व गोहांड में भवन निर्माण पूरा होने के साथ हस्तांतरण हो गया है। यहां फर्नीचर व बालिकाओं को ठहरने के लिए जरुरी संसाधनों की टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। बालिकाएं अपने निकट क्षेत्र में हॉस्टल में रहकर अब इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी कर पाएंगी। बीएसए आलोक सिंह ने बताया कि कक्षा छह से आठ तक 100 कमजोर आय वर्ग व आउट ऑफ स्कूल बालिकाओं को प्रवेश दिलाकर पठन-पाठन की सुविधा दी जाएगी। बालिकाएं कक्षा आठ के बाद भी पढ़ाई कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में रहकर जारी रख पाएंगी। पढ़ाई से लेकर रहने व किताब समेत अन्य जरुरी सुवधिाएं दी जाएंगी।

## पाइप लाइन टूटी, दो दिनों से पानी की किल्लत

कुरारा। कस्बा स्थित बेरी तिराहे में नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वार्ड तीन व नौ में पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन टूट जाने से वार्ड में पेयजल समस्या पैदा हो गई है। जिससे कस्बा वासियों को पेयजल के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर-कालपी हाईवे किनारे नगर पंचायत द्वारा नाला निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। ठेकेदारों ने जेसीबी मशीन से नाले की सफाई करवाई है। जिससे पेयजल आपूर्ति वाली पाइप लाइन टूट गई है। बुधवार से वार्ड तीन व नौ में पानी की आपूर्ति न होने से वार्ड वासियों को दूर दराज के हैंडपंपों से पानी भर कर लाना पड़ रहा है। वार्ड नौ निवासी रामेश्वर, सुनील कुमार ने बताया कि दो दिनों से पानी की आपूर्ति ठप है। जिससे पेयजल की किल्लत पैदा हो गई है। बताया कि वहीं हंसवाहिनी ज्ञान मंदिर के सामने लगा हैंडपंप भी खराब हो जाने से दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है। जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि नाला निर्माण कार्य की सफाई होने पर पाइपलाइन टूट गई थी। जिसको जोड़ा जा रहा है। शीघ्र ही पानी की आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

## पंधरी में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर ( यूएनएस )। भरुआ सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पंधरी गांव में युवक ने घर के अंदर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पंधरी गांव निवासी सर्वेश कुमार कुटार ने बताया कि उसका बड़ा भाई आदर्श कुमार कुटार ( 25 ) अज्ञात कारणों के चलते घर के अंदर पंखे पर रस्सी डालकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया कि गुरुवार को सुबह 5 बजे जब वह मां विमला के साथ काम करने के लिए खेतों में चले गए ।तभी यह फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## इंडी गठबंधन दलों का गठबंधन नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों को बचाने का संगठन है

महोबा ( यूएनएस )। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की अध्यक्षता में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कहा कि अभी हाल में दिल्ली के रामलीला मैदान इंडी गठबंधन ने रैली की है यह दलों का गठबंधन नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों का एक दूसरे को बचाने का संगठन है, उन्होंने कहा यह दिल्ली में तो एक साथ है पर पंजाब में एक दूसरे के साथ फुटबॉल मैच खेलते हैं प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा है कि जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा यह मोदी की गारंटी है, उन्होंने आगे कहा कि जब ईडी ने अरविंद केजरीवाल को नौ समन जारी किए तो वह जानबूझकर इसलिए नहीं गए कि जब हम नहीं जाएंगे तो हम गिरफ्तार कर लिए जाएंगे और जनता से इस बात के लिए सहानुभूति लेंगे ।इनका यह मतलब है कि घोटाला हम हर रोज बड़े चाव से करते रहें और यह भी चाहते हैं कि कोई एक्शन न हो, यह गठबंधन नहींजनबंधन नहीं,ठग बंधन है। पीएम का नारा भ्रष्टाचारी हटाओ, इंडी गठबंधन का नारा भ्रष्टाचारी बचाओ-गठबंधन तो घोटाले बाजों की बारात है यह बात जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कही उन्होने कहा कि सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया,अरविन्द केजरीवाल कोर्ट के आदेश पर रिमाइंड में है हेमंत सोरेन को कोर्ट जमानत नहीं दे रहा तो क्या यह सब लोग कोर्ट के विरोध में रैली कर रहे हैं ।इस मौके पर जिला मिडिया प्रभारी सतेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## डीएम ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थापित स्ट्रांग रूम का किया अवलोकन

महोबा ( यूएनएस )। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल व निष्पक्ष तरीके से संपन्न करने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है ।उक्त के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज,महोबा में स्थापित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण एवं अवलोकन किया ।उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षात्मक उपकरण तथा सामग्री वितरण एवं जमा करने की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उन्होंने मतगणना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूर्ण कर ले ।निरीक्षण के दौरान मानचित्र के माध्यम से स्ट्रांग रूम में आने-जाने वाले रास्तों,पार्किंग व्यवस्था,बैरीकेटिंग,कैमरा की व्यवस्था, बिजली, पानी आदि की जानकारी लेते हुए समय से आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गये।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा देश : चौधरी

लखनऊ ( यूएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरुवार को बुलन्दशहर में संगठनात्मक बैठक व अलीगढ़ में आयोजित जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा।



प्रत्येक कार्यकर्ता को मोदी का संदेश लेकर एक-एक घर, एक-एक व्यक्ति तक पहुंचकर मतदान अवश्य करने तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील के साथ पहुंचना है। मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर हमें केन्द्र में मजबूत सरकार बनाने की आधारशिला उत्तर प्रदेश में तैयार करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए अबकी बार 400पार का लक्ष्य पूरा करेगा। कश्मीर से कन्याकुमारी तक आतंकवाद, नक्सलवाद पर करारे प्रहार से देश में आंतरिक सुरक्षा मजबूत हुई है। वहीं सीएए लागू करके पड़ोसी देश में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हिन्दु, बौद्ध, ईसाई जैसे धार्मिक अल्पसंख्यकों की नागरिकता का रास्ता खुला है ।उन्होंने कहा कि 2017 से पूर्व उत्तर प्रदेश और खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अपराध, रंगदारी, लूट, चौथ वसूली, अवैध कब्जे, अवैध खनन, संगठित अपराध और सत्ता संरक्षित अपराध से त्रस्त हो चुका था, न बहन बेटियां सुरक्षित थी ओर न ही मकान, दुकान, खेत, खलिहान सुरक्षित थे। जनता खौफ में थी और अपराधी बेखौफ थे। 2017 के बाद डबल इंजन की सरकार में मोदी व योगी जी ने उत्तर प्रदेश के विकास की गति को तेज किया। विकास का आधारभूत ढांचा तैयार किया और जीरो टॉलेरेंस की नीति पर चलते हुए भ्रष्टाचार व अपराध पर लगाम लगाई। नतीजा यह हुआ कि अपराधी गले में तख्ती लटकाकर सरेंडर करने लगे हैं ।श्री चौधरी ने कहा देश व प्रदेश के विकास के लिए, गन्ना किसानों के समय से भुगतान के लिए, गरीब के आवास व राशन के लिए, गुण्डा मुक्त शासन के लिए, युवाओं को पढ़ाई के लिए, रोगियां को मुफ्त दवाई के लिए, खेत की सिंचाई को मुफ्त बिजली और किसान सम्मान निधि के लिए, बेटियों की सुरक्षा के लिए और प्लाट, दुकान की गुण्डों से रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रत्येक बूथ पर बड़ी बढ़त के साथ जीत के लिये मिलकर काम करना है।

# मतदाताओं को जागरूक के लिए हुआ कवि सम्मेलन

हमीरपुर ( यूएनएस )। स्वीप कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन झलकारी बाई सभागार जिला पंचायत हमीरपुर में किया गया ।सर्वप्रथम खालिद अंजुम उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी ने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए कवि एवं शायर ने मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व पर अपने-अपने विचार व रचनाएं पेश की ।इसमें गणेश सिंह विद्यार्थी ने कविता पहले मत देश के नाम,मतदान करना धर्म का काम पढ़ी सुरेश भदौरिया ने लोकतंत्र का है पर्व वोट सभी करें इससे मजबूत होगा लोकतंत्र नोट सब करें अंशुमान पाठक ने जनमत की शक्ति को सभी जान-जान लीजिए मतदान के महत्व को पहचान लीजिए कविता पड़ी ।अन्त में स्वीप कोआर्डिनेटर अकबर अली ने जिला प्रशासन का संदेश देते हुए कहा कि आप सभी कवि व शायरों का उत्तरदायित्व है के अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रत्येक मतदाता तक 20 मई को मतदान हेतु जागरूक करे तथा जनपद का मतदान प्रतिशत देश मे सबसे अधिक रहने का लक्ष्य पूर्ण करें ।कार्यक्रम में परियोजना निदेशक,जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत एएमए अमित राज सिंह,कवि अवधेश साहू,हरि किशन सेन,रेती कुमार पाठक, नाथूराम पथिक,गणेश सिंह विद्यार्थी, मुन्नीलाल अवस्थी,हरिराम गुप्ता,सुरेश भदौरिया, शिवकरण, कैलाश सोनी,नारायण प्रसाद रसिक, मोहम्मद सलीम, अनवर खान,एजाज दीवाना, अर्पित दीक्षित,उमेश सोनी इत्यादि रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि लखनलाल जोशी ने किया।

# कुरारा थाना में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

हमीरपुर ( यूएनएस )। कुरारा थाना परिसर में आगामी ईद उल फ्तिर,रामनवमी,अंबेडकर जयंती को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया ।एसडीएम सदर व सी ओ सदर ने शांति पूर्वक धार्मिक रूप से अपने पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया।

थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में आगामी ईद,रामनवमी, अंबेडकर जयंती को लेकर लोगो को जागरूक किया ।तथा जुलूस आदि के लिए प्रशासन से अनुमति अवश्य लेने के बाद ही कार्यक्रम संपन्न करे ।किसी भी कार्यक्रम को धार्मिक रूप से मनाए। राजनेतिक मंच न बनाए। आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अपने धार्मिक कार्यक्रम संपन्न करे ।शांति पूर्वक नमाज अदा करे ।शोशल मीडिया में किसी के प्रति कोई प्रतिक्रिया न करे ।एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक,सी ओ सदर राजेश कुमार कमल,थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि नवरात्र में होने वाले कार्यक्रम में गांव के लोगो की एक कमेटी गठित कर कार्यक्रम संपन्न शांति पूर्वक माहौल में संपन्न कराए जाए ।इसमें पुलिस बल भी सहयोग करेगा ।गलत तरीके से कमेंट आदि करने पर कार्यवाही की जाएगी ।नगर पंचायत कर्मचारियों से साफ सफाई व्यवस्था व पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को कहा ।इस अवसर पर मस्जिद के पेश इमाम,अंबेडकर जयंती के लोग,रामनवमी आदि के लोग मौजूद रहे।

# बजट की कमी से रुकी गुसियारी पेयजल योजना

मौदहा ( हमीरपुर )। तीन साल से निर्माणाधीन गुसियारी पेयजल योजना खस्ताहाल है। जहां दो नलकूप व पानी की टंकी बनने के साथ ही कुछ मीटर पाइप लाइन भी डाली गई, लेकिन बजट के अभाव में ठेकेदार ने योजना का काम ही बंद कर दिया। बृहस्पतिवार को डीएम व सीडीओ ने निरीक्षण कर जल्द ही योजना का शेष कार्य पूरा कराए जाने के लिए कहा है।



क्षेत्र के गुसियारी गांव में पेयजल की स्थिति व पेयजल योजना के कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे डीएम राहुल पांडे ने ग्राम प्रधान असरार अहमद व ग्रामीणों को अस्वाश्त किया कि उन्हें जल्दी ही पानी मिलेगा। बताते चलें कि तीन वर्षों से निर्माणाधीन इस योजना का एक करोड़ 13 लाख बकाया है। जो शासन स्तर से जारी नहीं किया गया। पानी की किल्लत से जूझ रहे गांववासियों की जमीनी हकीकत को अमर उजाला ने 21 मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। यही हाल कपसा पेयजल योजना का है। 2.5 करोड़ की लागत से संचालित इस योजना में पाइप लाइन विस्तार का कुछ काम शेष है। कार्यदायी संस्था का काफी बकाया है। जबकि योजना संचालित हुए दो वर्ष हो गए हैं। प्रधान असरार अहमद खान ने कहा कि उनका गांव पहले भी प्यासा था और आज भी प्यासा है। कहा कि सरकार योजना तो बनती है, लेकिन पैसा समय से नहीं मिलता है। कहा कि ठेकेदार का लाखों का बकाया है। जिससे वह काम छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने डीएम से समस्या बताई। साथ ही पानी के टैंकर से पेयजल की आपूर्ति शुरू करा दी गई है।

कपसा गांव के प्रधान विजय कुमार ने बताया कि उनके गांव में दो वर्ष से योजना कम लगभग पूरा है। कुछ पाइप लाइनों का विस्तार होना शेष है। कहा कि ठेकेदार को पैसा न मिलने से उसने काम छोड़ दिया है। डीएम के सत्यापन के बाद शासन से शीघ्र बकाया धनराशि आने की उम्मीद है। कहा कि गुसियारी योजना को सही ढंग से सीडब्ल्यूआर में दो मोटर डालकर व पाइप लाइन विस्तार के बाद जलापूर्ति शुरू कराई जाएगी।

# हिरन के सींग और हाथी के दांत का बुरादा बरामद

**वन विभाग की टीम ने 4 को किया गिरफ्तार, डीएफओ बोले, करोड़ों का माल बरामद हुआ है**

उरई/जालौन ( यूएनएस )। जालौन में बुधवार देर शाम वन विभाग की टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। मुखबिर की सूचना पर उरई के माहिल तालाब स्थित एक दुकान पर छापेमारी करते हुए जंगली जानवरों के महत्वपूर्ण अंगों तथा उनसे बने हुए बुरादे व अन्य सामान को बरामद किया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने दुकान मालिक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफवन विभाग की टीम ने वन अधिनियम के तहत विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई उरई कोतवाली क्षेत्र में हुई है। जिला वन अधिकारी प्रदीप कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि माहिल तालाब स्थित ओमप्रकाश गुप्ता की परचून दुकान में जंगली जानवरों के अंग और उनसे बने सामान को बेचा जा रहा है। इस सूचना पर वन विभाग की टीम ने छापा मारा, जिससे दुकानदारो में हड़कंप मच गया। वन विभाग की छापे मारी का कई दुकानदारों ने विरोध किया, जिस पर पुलिस बल को बुलाना पड़ा, जिसके बाद वन विभाग की टीम दुकान में सघन चेकिंग की गई तो दुकान के अंदर हिरन के सींग, हाथी के दांत का बुरादा, सालम का पंजा, स्पाइनी टेल्ड लिजार्ड की डेड बॉडी, ममीरस चीनी, टैक्सस वाली चियाना समेत तमाम जंगली जानवरों के अंगों से निर्मित सामग्री को बरामद किया।



तत्काल वन विभाग की टीम ने इसे जब्त कर लिया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने दुकान से अजय पुत्र गुड्डू निवासी परासन, दीपू पुत्र रामबाबू निवासी परासन, सतीश पुत्र माता प्रसाद गुप्ता निवासी नूरपुर तहसील कालपी तथा विश्राम पुत्र स्वर्गीय बाबू सिंह निवासी चौरसी थाना कोतवाली उरई को हिरासत में लेकर वन विभाग कार्यालय ले आई। जहां सभी पकड़े गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर पूछताछ की जा रही है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उक्त लोग काफी समय से तमाम जंगली जानवरों के अंगों से निर्मित सामग्री तैयार कर उसकी बिक्री कर रहे थे।

# घायल शख्स की इलाज के दौरान मौत

उरई/जालौन ( यूएनएस )। जालौन में मामूली बात पर आपस में लड़ रहे दो भाइयों के विवाद को सुलझाने पहुंचे परिवार के चाचा पर सगे भाइयों ने हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने हमला करने वाले पिता पुत्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बुधवार रात को घटना में घायल शख्स की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना आटा थाना कस्बे की है। 15 मार्च को आटा थाना कस्बे के रहने वाले राम सिंह के दो पुत्र संतोष और शीलू के बीच आपस में विवाद हो रहा था। इस विवाद को देख पड़ोस में रहने वाले परिवार वीर सिंह पुत्र गंगा चरण दोनों का विवाद सुलझाने पहुंचे, जहां संतोष ने वीर सिंह के साथ मारपीट कर दी। इस मारपीट की जानकारी वीर सिंह ने भाई शिव सिंह को दी। जो मौके पर पहुंचे। इस दौरान संतोष भाई शीलू के साथ ही परिवार के चाचा शिव सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना को देखा संतोष और शीलू के पिता रामसिंह आ गए, जिससे फावड़े से शिव सिंह के ऊपर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद हमला करने वाले मौके से भाग गये थे। घटना की जानकारी शिव सिंह के भाई वीर सिंह ने पुलिस को दी थी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। मगर हालत नाजुक होने के कारण उसे झांसी रेफर कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत के आधार पर राम सिंह उसके पुत्र संतोष तथा शीलू के खिलाफ धारा 308 के तहत मामला पंजीकृत करते हुए 16 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घायल शिव सिंह का झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के चल रहा था। बुधवार रात को उसकी मौत हो गई।

# संक्षिप्त

## चेकिंग के दौरान कार से 5-लाख रुपए बरामद, जिला कोषागार में जमा करवाया

उन्नाव (यूएनएस)। जनपद में सफीपुर कोतवाली पुलिस टीम के साथ उड़न दस्ता टीम ने चेकिंग के दौरान मेन रोड के हुलासी कुआं चौराहे पर कार से 5 लाख रुपए की नगदी बरामद की है। धनराशि का कोई साक्ष्य न दिखाने पर उसे जब्त कर लिया गया। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार जिले में 100 से अधिक एफएसटी और एसएसटी की टीम लगातार अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमणशील हैं और छापेमारी कर रही है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने आचार संहिता लगा दी गई थी। उन्नाव में चौथे चरण में 13 में को लोकसभा के चुनाव होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन तैयारी में तेजी से जुटा है। आचार संहिता लगने के बाद से ही जिला में प्रमुख चौराहा व तिराहा तथा बार्डर पर पुलिस प्रशासन की टीम ने आचार संहिता का उल्लंघन रोकने के लिए वाहनों की चेकिंग अभियान चला रखा है। गुरुवार को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के हुलासी कुआं चौराहा पर फ्लाइंग स्वायड टीम के मजिस्ट्रेट एखलाक बेग व दरोगा अरविंद रघुवंशी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। बांगरमऊ की ओर से आ रही कार को रोका गया। मजिस्ट्रेट ने पुलिस टीम के साथ कार की तलाशी ली। इसी दौरान गाड़ी में रखे 5 लाख रुपए बरामद हुए। बरामद रुपयों के बारे में जब बांगरमऊ निवासी अमित गुप्ता से रुपयों का बारे में पूछताछ की गई तो कानपुर रुपए ले जाने की बात कही। मगर कोई साक्ष्य नहीं दिखा सका। जिस पर उड़न दस्ता टीम के प्रभारी ने धनराशि को जब्त कर लिया। मजिस्ट्रेट ने बताया कि जब्त की गई धनराशि को कोषागार में जमा करवा कर उसका ब्योरा मांगा है।

## कानपुर लखनऊ रेल रूट पर हाईस्पीड ट्रेन चलाने की कवायद, ईओ ने किया निरीक्षण

उन्नाव (यूएनएस)। लखनऊ कानपुर रेल रूट पर हाई स्पीड ट्रेनें चलाने की कवायद के चलते गंगाघाट क्षेत्र में अप और डाउन लाइन पर कमजोर हो चुकी दो पुलियों को पूरी तरह से बदला जाएगा। लखनऊ से आए अधिशाषी अभियंता ने मौके का मुआयाना किया और कार्य शुरू करा दिया है। डाउन लाइन स्थित रेलवे की छमकनाली पुलिया नंबर 109 को पूरी तरह से हटाकर नया बेस बनाकर लगाया जाएगा। इसके लिये रेलवे ब्रिज, सिग्नल एंड टेलीकॉम, रेल पथ सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। लखनऊ से आए अधिशाषी अभियंता ब्रिज वर्कशॉप रामलखन, सहायक अभियंता, एसएसई सिग्नल एंड टेलीकॉम धीरेन्द्र सिंह, बीपी सिंह कार्य स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने रेलवे पुलिस के साथ मुआयाना किया और सभी को निर्देश दिए। हाइड्रा से पुलिया के बेस बनाने वाले स्ट्रक्चर के भागों को अलग किया गया है। अधिकारी ने बताया कि दोनों पुलियों का काम दो माह के भीतर पूरा किया जाना है। बारिश के पहले कार्य संपन्न कराया जाएगा। इसके लिए रातों दिन काम चलेगा। अधिकारी के मुताबिक अप और डाउन लाइन पर बने 108 और 109 छमकनाली पुल कमजोर हो गये हैं। इसलिये पूरी तरह से लोहे के स्ट्रक्चर हटाकर नये स्ट्रक्चर को स्थापित किया जायेगा। रेलवे ब्रिज वर्कशाप के अनुसार दोनों पुलियों को बनाने के लिए करीब दो करोड़ की लागत आएगी, जिसके बाद लंबे अर्से तक ब्रिज चल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक कानपुर लखनऊ रूट पर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से ट्रेनें चलाई जाएंगी इसलिये दोनों पुलियों को नया बनाया जा रहा है।

## सपा प्रत्याशी पर भाजपा सांसद का तंज

उन्नाव (यूएनएस)। देश में लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। चुनाव नजदीक आते ही पक्ष-विपक्ष दोनों ही एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। मंच से लेकर माइक तक बयानबाजी करते दिख रहे हैं। वहीं उन्नाव से बीजेपी के फायर ब्रांड सांसद साक्षी महाराज ने उन्नाव से गठबंधन प्रत्याशी अन्नू टंडन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि साल 2012 में अरविंद केजरीवाल ने काले धन की एक लिस्ट सार्वजनिक की थी, जिसमें उन्नाव लोकसभा सीट से तत्कालीन कांग्रेस पार्टी से सांसद अन्नू टंडन और उनके परिवार का कई सौ करोड़ रुपए स्विस बैंक में जमा होने का दावा करते हुए गंभीर आरोप लगाया था। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साक्षी महाराज ने कहा कि उनका यह प्रकरण पार्लिमेंट में उठ चुका है और स्विस बैंक खाते की चर्चा हुई थी। साक्षी महाराज ने कहा कि दुर्भाग्य देखिए अन्नू टंडन पर आरोप लगाने वाले केजरीवाल इसी इंडी गठबंधन के अंग हैं। लालू यादव को जेल भेजने वाली कांग्रेस इंडी गठबंधन का अंग है, जिस भ्रष्टाचार के विरोध में ममता अलग हुई थीं वह ममता भी इसी इंडी गठबंधन का अंग है और जिस केजरीवाल को जेल भेजने के लिए कांग्रेस ने केंद्र सरकार से आग्रह किया था वो कांग्रेस भी इंडी गठबंधन का अंग है। तभी मैं कह रहा हूं चोर-चोर मौसेरे भाई, ये वो लोग है जो बेल पर हैं यह जेल में है यह जेल में जाने वाले है। यह जो गठबंधन है इसमें कोई सत्यता नहीं है कोई नीति नहीं है कोई नीयत नहीं है कोई एजेंडा नहीं है। केवल मोदी के भय से भयभीत होकर के और भ्रष्टाचारों का यह इंडी गठबंधन खड़ा हो गया है। इसी गठबंधन की प्रत्याशी अन्नू टंडन उन्नाव से चुनाव लड़ रही हैं। यह तो जनता को तय करना है कि वह किसे चुनती है।

## छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन

कानपुर (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विद्यार्थियों को अच्छी व ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं।सरसौल स्थित ब्रजलाल वर्मा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। बृजलाल महाविद्यालय में बुधवार को सोनू वर्मा ने स्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवीन योजनाएं बना रही है। महाविद्यालय के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने कहा कि सरकार ने स्मार्टफोन वितरण करके एक अच्छी पहल की है।कार्यक्रम सत्यार्थ विक्रम चुक्कू सिंह डॉ. उमा रानी मिश्रा (प्राचार्या) अवधेश वर्मा,राजकुमार धर्मेंद्र सिंह रणधीर कुमार अरून अवस्थी अर्जुन कुशवाहा मनीष वर्मा शैलेंद्र यादव सुप्रित पटेल बजरंग शरण तिवारी प्रिया कन्नौजिया स्वेता सिंह आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे के जीएम निरीक्षण करने पहुंचे, लोको पायलेट ने रखी समस्याएं





कानपुर। कानपुर में उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल ने सेंट्रल स्टेशन, न्यू लोको पायलट रनिंग रूम, गोविंदपुरी, पनकी धाम स्टेशन का निरीक्षण किया। सर खाना तो ठीक मिलता है। क्वालिटी भी बेहतर रहती है, लेकिन कभी-कभी तकिये और चादर गंदे आ जाते हैं। कई बार इनके पैकेट खुले मिलते हैं। यह समस्याएं लोको पायलट एससोसिएशन के पदाधिकारियों ने उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल के सुविधाओं के संबंध में पूछे गए सवाल पर बताई। महाप्रबंधक शुक्रवार की सुबह सेंट्रल स्टेशन, न्यू लोको पायलट रनिंग रूम, गोविंदपुरी, पनकी धाम का निरीक्षण करने आए हैं।

वह सुबह 9.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 के विशेष कोच से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतरे। उनके साथ प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी और मंडल के अन्य अधिकारी रहे। जीएम सबसे पहले न्यू लोकोपायलट रनिंग रूम देखने गए। वहां के कमरों, हॉल और रसोई घर का निरीक्षण किया। उन्होंने लोको पायलट से बातचीत की, जिस पर एक लोको पायलट ने इटेलियन टॉयलेट होने की वजह से समस्याएं बताई। उन्होंने कहा कि सुबह राजधानी और अन्य ट्रेन आती हैं। इटेलियन टॉयलेट की वजह से लाइन लग जाती है।लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्यूटी से संबंधित रोस्टर और ड्यूटी चार्ट को लेकर आ रही दिक्कतों को रखा, जिस पर जीएम ने उनकी समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया। यहां से पहले जीएम ने रनिंग रूम के मेस और किचन का जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ से खाने की क्वालिटी, दही की मात्रा की जानकारी ली। किचन के अंदर बर्तन और अन्य सामान को चेक किया। यहां के बाद जीएम ने गोविंदपुरी स्टेशन में अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों को देखा। वहां ठेकेदार और इंजीनियर से सवाल किए। कुछ यात्रियों से भी बातचीत की। यहां के बाद महाप्रबंधक पनकी धाम स्टेशन भी गए। वह दोपहर के बाद सेंट्रल स्टेशन में सिटी साइड चल रहे कार्यों का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सकते हैं। शाम को चौरी चौरा एक्सप्रेस से रवाना होंगे।

# स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास में लगे बेसिक शिक्षक

कानपुर देहात (यूएनएस)। बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन सरकारी स्कूलों में करने के लिए विद्यालयों में होड़ लगी हुई है।एक अप्रैल से परिषदीय स्कूलों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है।पहले सप्ताह में शिक्षकों द्वारा बच्चों के नामांकन बढ़ाए जाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय विसायकपुर विकासक्षेत्र सरवनखेड़ा में प्रधानाध्यापिका नसरीन खान के नेतृत्व में प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए चलाया गया जिसके तहत प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किया गया।जिसमें एसआरजी संत कुमार दीक्षित एवं नसरीन खान ने कक्षा 1 से 8 तक में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं क्रमशरू सुमित अभय प्रांशी वंश कश्यप जिगर आर्यन यादव मानवी एवं कीर्ति को को पुरस्कृत किया।जो बच्चे नियमित विद्यालय आए और जिनका आचरण एवं कार्य व्यवहार अच्छा रहा उन बच्चों को एआरपी संजय शुक्ला एवं ऋषभ बाजपेई ने पुरस्कार दिए।छात्र छात्राओं ने चक धूम चक धूम महाराष्ट्री नृत्य आल इज वेल डांडिया नृत्य राधाकृष्ण नृत्य प्रस्तुत किया शिक्षक संकुल राधा देवी ने ग्रामीणों को सरकारी विद्यालयों से जोड़ने के लिए विभाग द्वारा जो लाभ दिए जा रहे हैं उसके बारे में विस्तार से ग्रामवासियों को बताया।अभिषेक द्विवेदी अकबरपुर रनिया स्वीप कार्यक्रम प्रभारी ने उपस्थित अभिभावकों एसएमसी सदस्य एवं ग्रामवासियों को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को लोकसभा निर्वाचन चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से मत प्रतिशत काफी कम रहा इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करने का रिकॉर्ड इस क्षेत्र से बनाया जाए।एसआरजी संत कुमार दीक्षित ने ग्रामवासियों से कहा कि आप सभी अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सचेत रहें।बच्चें ही आने वाले भविष्य का खजाना हैं इसलिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और अपना प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में जरूर कराएं यहां के शिक्षक प्रशिक्षित हैं और बच्चे को अच्छी शिक्षा देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।कार्यक्रम मे शिक्षक संकुल उमेश राठौर दीप्ति कुशवाहा शोभना अवस्थी रंजन कोटार स्वरूप मंजू देवी दिनेश सिंह वंदना शुक्ला दीपा सिंह कीर्ति अग्रहरि आनंदिनी रेनू चतुर्वेदी सुधा यादव आदि उपस्थित रहे।

# मेधावियो को किया गया पुरस्कृत

कानपुर देहात (यूएनएस)। गुरुवार को कस्बा शिवली स्थित श्री ताराचंद्र इंटर कॉलेज में आयोजित किए गए पुरस्कार वितरण समारोह में वार्षिक परीक्षा में कक्षा में प्रथम एवं द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के उप प्रबंधक राजेंद्र कुमार पांडेय एवं प्रधानाचार्य डॉ एस के अग्रहरि एवं एड ओम प्रकाश मिश्रा द्वारा शील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उप प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा प्रोत्साहित जाने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे।बताते चलें कि नगर पंचायत शिवली स्थित श्री ताराचंद्र इंटर कॉलेज एक जमाने में नाम हुआ करता था। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य रहे स्वर्गीय सिद्धेश्वर पांडेय के कार्यकाल को लोग आज भी याद करते हैं। सिद्धेश्वर पांडेय के बाद उनके पुत्र स्वर्गीय डॉ ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय ज्ञानी ने इस विद्यालय की कमान संभालने के बाद कुछ ही वर्षों में विद्यालय को फिर से पुराने अंदाज में लाकर खड़ा कर दिया था। लेकिन थोड़े ही समय के कार्यकाल के बाद ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय का भी विद्यालय में ही हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। ज्ञानी पांडेय के निधन के बाद लोगों के बीच मायूसी छा गई थी। लोग समझ रहे थे कि अब यह विद्यालय कभी अपने पुराने अंदाज में नहीं लौट पाएगा। लेकिन अभी कुछ समय पूर्व ही विद्यालय की कमान संभालने वाले प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार अग्रहरि ने विद्यालय की सारी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद कर दीं।

# आग में जिंदा जला डाउन सिंड्रोम से पीड़ित 10 वर्षीय आरुष, लपटों से घिरा रहा न चिल्ला सका और न चल सका

कानपुर। दिल को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है। एयरफोर्स स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित सार्जेंट के कमरे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दस वर्षीय बेटा जिंदा जल गया। पीठ छोड़कर शरीर का 85 फीसदी हिस्सा झुलस गया था। बच्चे का शव देख मां बेहोश हो गई। कानपुर में एयरफोर्स स्टेशन के आवासीय परिसर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से सार्जेंट के बेटे आरुष की दर्दनाक मौत हुई है। डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी के चलते वह न तो बोल सकता था और न ही चल सकता था। जिस हालत में रात को उसे लिटाया गया था, उसी हालत में सुबह उसका जला शव मिला। हर कोई उसकी बेबसी से सिहर उठा कि इतनी असहनीय पीड़ा के बाद भी बेचारा चिल्ला तक न सका।

एयरफोर्स में सार्जेंट प्रमोद कुकशाल ने बताया कि उनका बड़ा बेटा आरुष डाउन सिंड्रोम नामक बीमारी जूझ रहा था। इस कारण वह बोल नहीं सकता था।



चलने-फिरने में भी असमर्थ था। उसे बुधवार रात एक कमरे में सुला दिया गया था। दूसरे कमरे में वे छोटे बेटे और पत्नी के साथ सो रहे थे। तड़के कब आग लगी, उन्हें पता ही नहीं चला। घर में धुआं भर जाने पर घुटन हुई तो उनकी नींद खुली। आरुष के कमरे में जाकर देखा तो जिस हालत में उसे लिटाया था, उसी हालत में उसका जला शव पड़ा था। उसके शरीर का 85 फीसदी हिस्सा झुलस गया था। सीधा लेटा होने की वजह से उसकी पीठ ही सुरक्षित बची थी। बच्चे का शव देखते ही उसकी मां गश खाकर गिर गई। उसका रो-रोकर हाल बेहाल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज।

# मां की हत्या की आशंका पर पुत्र ने अज्ञात के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

शिवली कानपुर देहात (यूएनएस)। पांच दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव में घर के अंदर सोते समय आंगनवाड़ी सहायिका की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मारपीट करने के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने का खुलासा होने पर मृतका के पुत्र ने अज्ञात हत्यारों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।बताते चलें कि बीते रविवार की रात शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव निवासिनी आंगनवाड़ी सहायिका 50 वर्षीय गीता देवी उर्फ ज्ञानवती पत्नी स्वर्गीय राज किशोर की घर के अंदर कमरे में सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सोमवार की सुबह आंगनवाड़ी सहायिका का शव चारपाई पर पड़ा हुआ मिला था। शव मिलने पर मृतका के परिजनों एवं ग्रामीणों ने हत्या की जाने की आशंका व्यक्त की थी। लेकिन हत्या का कारण स्पष्ट न होने पर शिवली पुलिस द्वारा मृतका के पुत्र की तहरीर पर फौती सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आंगनवाड़ी सहायिका की मौत गले की हड्डी टूटने एवं मारपीट किए जाने का खुलासा होने पर मृतका के पुत्र आशीष कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आशीष कुमार पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि वह हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है।

बीते 1 अप्रैल को उसको सूचना मिली कि गांव में रह रही उसकी मां गीता देवी उर्फ ज्ञानवती की घर के अंदर अज्ञात हत्यारों द्वारा हत्या कर दी गई है। शिवली कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतका के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# बबीना नगर में धूम धाम से निकाली जायेगी हनुमान जयन्ती

कानपुर देहात (यूएनएस)। बबीना कस्बे के प्राचीन गणेश मन्दिर में हनुमान जयन्ती धूम धाम से मनाने के लिये समेती द्वारा एक आवस्यक बैठक का अयोजन किया गया।जिसमे अधिक से अधिक संख्या में जनमानस एकत्रित करने पर वल दिया गया एवं गत वर्ष की आय व्याय का लेखा जोखा की जानकारी ली गई हुनमान जयन्ती को बडे ही धूम धाम से मनाने का अपने अपने विचार रखे गये जिससे कमेटी द्वारा जानकारी दी गई की शोभायात्रा नगर के गणेश मन्दिर से प्रारम्भ कि जायेगी जो नगर के मैन रोड स्टेशन मातन मौहल्ला आदिवासी मौहल्ला पम्प हाउस पंचायत भवन स्टेशन रोड़ आदि जगहो पर शोभायात्रा नगर भ्रमण कराय जायेगा शोभायात्रा में ढोल बैण्ड दिल दिल धोडी वानर सेना रामदरवार गणेश शिव आदि के स्वरूपो की भव्य झॉकियॉ निकाली जायेगी बताया गया आने वाली 23 अप्रेल को दोपहर दो बजे से प्राचिन गणेश मन्दिर से प्रारम्भ कि जायेगी इस अबसर पर हनुमान जयन्ती समिती सदस्य एवं भक्तगण मौजूद रहे बैठक में अशोक शास्त्री श्रीप्रकाश दुबे चन्द्रप्रकाश राय महेश सोनी लखनलाल साहू पलविन्दर नन्दा संजय राय आबकारी ठेकेदार गोविन्द यादव सुनिल यादव उपेन्द्र अभय जैन जगदीश सोनी सुबराती पहलवान नजीम खॉन ब्रजेद्र पाठक शशिकान्त सोनी कमलेश सोनी लाला राम पहलवान आचार्य हरीमोहन पुरोहित प्रेमनारायण साहू संतोष सोनी हन्नू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त

## लोकतंत्र में मत से बड़ा कोई शस्त्र नही-अंगारा

लखनऊ (यूएनएस)। समाचार पत्रों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान को प्रमुखता दी है। उसमें साफ साफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब जेल जाने से भी डरने लगे हैं सभी अपराधी। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुये राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि इसका मतलब है वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और जेलो में भी जीवन सुरक्षित नहीं है। बंद कैदियों को खुलेआम न्याय तो दूर न्याय के स्थान पर मौत की नींद सुला दिया जाता है। श्री अंगारा ने कहा, निर्वाचन में बढ़चढ़कर भगीदारी करें और निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से मतदान कर लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करने वाली हुकूमत बनाने में सहभागी बनने का वक्त है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी समझ से जनता ऐसे नापाक इरादे रखने वाली सरकार को देश व प्रदेश की बागडोर थमाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है सभी देशवासियों के लिए ये चिंताजनक है। श्री अंगारा ने कहा कि मैं तो सिर्फ इतना चाहताहू हूं कि उनके इस बयान को लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखने वाले सोचें कि क्या यह भारत जैसे लोकतंत्रांतिक देश के लिए उचित अथवा अनुचित है। देश की संवैधानिक संस्थाये वर्तमान सरकार के आगे पंगु हो गई है और देश भयावह स्थिति की ओर बढ़ता जा रहा है। देशवासियों व संविधानिक संस्थाओं से गुजारिश है कि इसपर गंभीरता से सोचे और सोच-समझकर 2024 में वोट करे। देश को बचाने के लिए लोकतंत्र में निर्वाचन बड़ा अहम है। मतदान अवश्य करें और स्वविवेक से निर्णय ले।

## गेहूं खरीद को लेकर अब मैदान में उतरे अफ्सर, फ्लोर मिलों का किया निरीक्षण

अयोध्या (यूएनएस)। जिले में अब शून्य दर्ज गेहूं खरीद को लेकर खाद्य एवं विपणन विभाग के अधिकारी मैदान में उतर गए हैं। संभागीय खाद्य नियंत्रक अशोक पाल के नेतृत्व में गुरुवार को कई फ्लोर मिलों और थोक व्यापारियों के यहां निरीक्षण किया गया। फ्लोर मिल मालिकों से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए सभी 68 केंद्रों को भी और सक्रिय किया जा रहा है। बता दें कि अब तक पंजीकृत 2797 किसानों से एक दाना भी गेंहू खरीद नहीं हुई है। जनपद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को बढ़ाने के उद्देश्य से संभागीय खाद्य नियंत्रक, अयोध्या संभाग की अध्यक्षता में जनपद के राजपूत रोलर फ्लोर मिल, मुमताज नगर तथा थोक व्यापारियों शीबू ट्रेडर्स, विकास ट्रेडिंग कम्पनी सोहावल के यहां स्टाक सत्यापन के संदर्भ में निरीक्षण कर व्यापारियों को निर्देश दिए गए। निरीक्षण में सत्येन्द्र नाथ पाण्डेय, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, अजित प्रताप सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश कुमार चौधरी, दिनेश कुमार क्षेत्रीय विपणन अधिकारी शिव गोपाल आदि मौजूद रहे।

## वैभव मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, बल्लेबाजों ने लखनऊ को दिलाई जीत

लखनऊ (यूएनएस)। दो रन से शतक से चूके मैन ऑफद मैच अक्शदीप नाथ (98) की कमानी पारी से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने वैभव मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गौतमबुद्धनगर को 6 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। जीत में कृतज्ञ सिंह (नाबाद 69) व प्रियांशु पाण्डेय (43) ने भी आतिशी पारियां खेली। मेरठ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में गौतमबुद्धनगर ने 19.2 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाया। टीम की ओर से अभय (77 रन, 39 गेंद, 7 चौके, 5 छक्के), विशाल पाण्डेय (58 रन, 25 गेंद, 7 चौके, 4 छक्के) व माधव कौशिक (54 रन, 27 गेंद, 10 चौके) ने अर्धशतकीय पारियां खेली। लखनऊ से रोहित द्विवेदी ने 4 ओवर में 34 रन देकर 3 विकेट चटकाए। कृतज्ञ सिंह, मनीष शर्मा व अक्शदीप नाथ को 1-1 विकेट मिले। जवाब में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने 19.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 246 रन बनाकर 6 विकेट से जीत अपने नाम कर ली। सलामी बल्लेबाज प्रियांशु पाण्डेय ने मात्र 18 गेंदों पर 4 चौके व 4 छक्के से आतिशी 43 रन बनाते हुए टीम को तेज शुरुआत दी। उनका साथ देते हुए कमान अक्शदीप नाथ ने मात्र 50 गेंदों पर आतिशी 98 रन जोड़े। उन्होंने अपनी पारी में 9 चौके व 6 छक्के भी जड़े। इसके अलावा कृतज्ञ सिंह ने 34 गेंदों में 8 चौके व 3 छक्के से नाबाद 69 रन जोड़े। शौर्य ने 22 रन का योगदान किया। गौतमबुद्धनगर से दीपांशु यादव को दो विकेट मिले।

## बीजेपी विधायक अदिति सिंह ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रायबरेली (यूएनएस)। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा की सांसद हेमामालिनी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर रायबरेली की सदर विधायक अदिति सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अदिति सिंह ने कहा रणदीप सुरजेवाला का बयान कांग्रेस की मानसिकता दर्शाती है। हेमामालिनी जी दो बार जनता द्वारा चुनी हुई सांसद हैं, जबकि सुरजेवाला आज तक कोई चुनाव नहीं जीते हैं। इसी तरह की गन्दी टिप्पणी कुछ दिन पहले कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर की थी। जिसके बाद उन्होंने सफाई दी कि किसी दूसरे व्यक्ति ने ये पोस्ट डाली, लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी अभी तक वो उस व्यक्ति को खोज नहीं पाई और न ही इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की। कांग्रेस द्वारा रायबरेली लोकसभा सीट से प्रत्याशी न उतारने के मामले पर अदिति सिंह ने कहा कि कांग्रेस डर गई है, क्योंकि सांसद सोनिया पिछले पांच से जनता के बीच नहीं आई हैं। नेहरू गांधी के परिवार द्वारा ये सीट छोड़ दी गई है। कांग्रेस ने अभी तक चुनाव की तैयारी शुरू नहीं की, जबकि पूर्व में वो पहले प्रत्याशी का ऐलान कर देते थे और चुनाव की तैयारी भी।

# निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मियों को मिलेगा पोस्टल बैलेट पेपर

लखनऊ (यूएनएस)। निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन ड्यूटी में लगे कार्मिकों के मतदान को लेकर बड़ा ऐलान किया है। मतदान के दिन जो शासकीय कर्मचारी व अधिकारी निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात रहेंगे उनको भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गयी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक सम्बन्धित कर्मचारी, अधिकारी के द्वारा फार्म-12 भरकर मतदान दिवस के 7 दिवस पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर को विधिवत् पूर्ण करके निर्वाचन ड्यूटी आदेश एवं मतदाता फोटो पहचान पत्र की प्रति के साथ प्राप्त कराया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा वोटर फेसिलिटेशन सेन्टर पर निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी, अधिकारी के द्वारा पोस्टल बैलेट से द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान मतदान कराया जाएगा। इस हेतु एक सहायक रिटर्निंग आफिसर प्रभारी तैनात होगा। जो सरकारी कर्मचारी, अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र जहां के वे मतदाता हैं में ही निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे वहां निर्वाचन ड्यूटी सर्टिफिकेट के माध्यम से तथा जो कर्मचारी, अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र जहां के मतदाता हैं के अतिरिक्त निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन ड्यूटी पर हैं वे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात ऐसे कार्मिकों जो अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जहां पर वे पंजीकृत हैं में निर्वाचन ड्यूटी पर होने की दशा में मतदान दिवस के 04 दिन




पूर्व या रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रारूप-12ए में रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन उपलब्ध करायेंगें। ऐसे कार्मिकों को रिटर्निंग ऑफिसर प्रारूप-12बी में निर्वाचन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी करेगा जिसका प्रयोग कर निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिक मतदान के दिन अपने तैनाती वाले मतदेय स्थल पर मतदान कर सकेगा। निर्वाचन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी होने के उपरान्त कार्मिक अपने मतदाता के रूप में पंजीकृत पोलिंग स्टेशन पर मतदान नहीं कर सकेंगे। निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों, होमगार्ड सहित पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्मिकों का डिप्लॉयमेंट प्लान तैयार किया जायेगा, जो पुलिस कार्मिक उसी निर्वाचन क्षेत्र में तैनात है, उन्हें निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से और जो पुलिस कार्मिक अपने पंजीकरण वाले निर्वाचन क्षेत्र से बाहर तैनात है उन्हें पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक या नोडल ऑफिसर द्वारा निर्वाचन ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के लिए फार्म-12ए एवं पोस्टल बैलेट के लिए फार्म-12 उपलब्ध कराया जायेगा। ड्राइवर, कन्डक्टर, क्लीनर और चुनाव संबंधी विशिष्ट कार्यों के लिए ड्यूटी पर तैनात अन्य व्यक्तियों के मामले में भी एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जायेगा। नोडल अधिकारी ऐसे मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के लिए फार्म-12 एवं निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के लिए फार्म-12ए उपलब्ध कराया जायेगा। केवल अर्ह मतदाताओं को ही निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र जारी हो इसके लिए फार्म 12ए के साथ ड्यूटी आर्डर तथा मतदाता फोटो पहचान पत्र की फोटो कॉपी भी जमा की जाती है। फार्म 12ए में आवेदन प्रथम प्रशिक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार एकत्रित किये जायेंगे, जिसे रिटर्निंग ऑफिसर को भेजा जायेगा। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों से हस्ताक्षरित प्रारूप 12ए में आवेदन के संदर्भ में रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र तैयार किया जायेगा, जिसे द्वितीय प्रशिक्षण दिवस को मतदाता को उपलब्ध कराया जायेगा। ऐसे मतदान कार्मिक जो रिजर्व के रूप में रखे गये है। यदि मतदान के दिन किसी पोलिंग स्टेशन पर तैनात हैं तो वे ऐसे पोलिंग स्टेशन पर निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र का उपयोग कर मत डाल सकते है। अन्य रिजर्व कार्मिक जो किसी पोलिंग स्टेशन पर तैनात नहीं है वे अपनी उपस्थिति के स्थान (अर्थात जहाँ रिजर्व कार्मिकों को रखा गया है) के किसी भी नजदीकी पोलिंग स्टेशन पर मत डाल सकते हैं। पोलिंग स्टेशन पर पीठासीन अधिकारी द्वारा पोलिंग एजेंट को यह जानकारी दी जायेगी कि मतदान कार्मिकों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र के माध्यम से मत डालने हेतु सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र सुविधा का उपयोग करने वाले मतदान कार्मिकों को उस समय मत डालना चाहिए, जब पोलिंग एजेंट पोलिंग स्टेशन पर उपस्थित हों। रिजर्व मतदान कार्मिकों को शुरू में ही मतदान किया जाना अपेक्षित है, क्योंकि बाद में उनकी तैनाती आवश्यकतानुसार किसी भी पोलिंग स्टेशन पर की जा सकती है। ऐसे कार्मिकों के निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण-पत्र सम्बन्धी सम्पूर्ण गतिविधियों के समन्वय हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## कानून व्यवस्था चुस्त, आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालनः सीईओ

लखनऊ (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1850 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 03 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 476 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3902 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 17,47,642 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें 10,07,825 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 3662 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4,058 कारतूस, 2060.5 किलोग्राम विस्फोटक व 204 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 1036 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 71 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 03अप्रैल को पुलिस नेअपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 09 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 64,623 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये हैं। 161 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 193 कारतूस व 2000 किलोग्राम विस्फोटक बरामद कर सीज किये गये। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 114 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केंद्र सीज किया।

## प्रवर्तन एजेंसियां व उड़नदस्ते जब्त कर रहे अवैध मदिरा, नकदी

लखनऊ (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध मदिरा, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान के लिए प्रदेश में आदर्शआचार संहिता प्रभावी है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 03 अप्रैल तक 108.08 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये, इसमें 1913.61 लाख रुपये से अधिक नकद धनराशि, 2742.24 लाख रुपये कीमत की 797848.18 लीटर शराब,



4264.54 लाख की 6917777.08 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 0.43 लाख रुपये के मुफ्त उपहार एवं 109.12 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 03 अप्रैल को 181.57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.59 लाख रुपये नकद धनराशि, 53.47 लाख रुपये कीमत की 20147.88 लीटर शराब, 95.72 लाख रुपये कीमत की 68246.95 ग्राम ड्रग एवं 0.80 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। 03 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में अमेठी की जगदीशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50 ग्राम ड्रग, मिर्जापुर की चुनार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 50,000 ग्राम ड्रग, सहारनपुर की बेहट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 30.30 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 303 ग्राम ड्रग तथा सुलतानपुर की सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 22.67 लाख रुपये कीमत की 113.39 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

# कोई कोना नही छोड़ रही मोदी, शाह और योगी की तिकड़ी

लखनऊ (यूएनएस)। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 सीटें दिल्ली के सिंहासन का उत्तराधिकारी तय करती हैं। दोबार नरेंद्र मोदी को यूपी के दिल्ली के तख्त पर बैठाया है और अब हैट्रिक के मूड में हैं। भाजपाई तो चुनाव से पहले ही मुतमईन हैं। डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी तो सभी80 सीटों को एनडीए के पाले में आने का दावा कर रहे हैं। दावे हैं, किये ही जाते हैं सियासत में, जजमेंट तो मतदाता सुनाते हैं। वे जो करेंगे, वो चार जून को सामने आयेगा।

फिलहाल सत्ता संग्राम के दो प्रवेश द्वारों को भेदने के लिए भाजपा ने ताकत लगा दी है। मोदी, शाह और योगी की तिकड़ी अनवरत दौरे, मीटिंग कर रही हैं। भाजपा की कोशिश इस बार 2014 का इतिहास दोहराने की है, पिछली बार की हारी हुई सीटों की भरपाई भी करनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम की कमान संभाल ली है। पहला मौका है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तीन जनसभा करेंगे। मेरठ की सभा हो चुकी है। 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री सहारनपुर में आएंगे और उसके बाद एक सभा मुरादाबाद मंडल में होगी। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की ओर से चुनाव घोषणा से पहले ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लगातार समीक्षा शुरू हो गई थी। पिछले चुनाव में सात सीटें भाजपा हारी थी। मंत्रियों को रणनीति बनाने और तैयारी करने में लगाया गया था। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुजफ्फनगर और मुरादाबाद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर मंथन किया। मुजफ्फनगर में जोर 2014 के



परिणामों को दोहराने पर रहा। शाह 2014 में लोकसभा चुनाव के प्रभारी थे और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सभी सीटें भाजपा की झोली में आई थीं। जाट और किसान लैंड मुजफ्फनगर को साधने के बाद गृहमंत्री ने मुरादाबाद में पहले और दूसरे चरण के पश्चिम क्षेत्र के 13 लोकसभा क्षेत्रों पर मंथन किया। 17 लोकसभा सीटों की कोर कमेटियों के साथ लंबे विचार-विमर्श में सारा जोर बूथों पर मजबूत तैयारी पर था। 2019 में भी मेरठ में ही अमित शाह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते 14 लोकसभा क्षेत्र को लेकर होटल ब्रेवुरा में चुनाव रणनीति बनाई थी। इस बार तीसरी बार अमित शाह ने मुजफ्फनगर लोकसभा क्षेत्र की रैली से शुरुआत कर मुरादाबाद में बैठक की। गृह मंत्री अमित शाह ने रणनीति पर चर्चा करने के साथ समीकरणों को समझा और समझाया। मतदाता, जातिगत आंकड़े, बूथ संख्या भी जानी। मजबूत और कमजोर बूथ को लेकर रणनीति बनाई। भाजपा का बूथ मैनेजमेंट पर अधिक जोर है। पन्ना कमेटियों को मजबूत किया। चुनावी गणित के मुताबिक हर बूथ पर 370 वोट अधिक पड़ जाते हैं तो परिणाम का परिदृश्य बदल जाएगा। हर सीट पर करीब दो हजार बूथ हैं। धारा 370 हटाने की तर्ज पर यह बूथ फार्मूला निकाला गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रबुद्ध सम्मेलन के माध्यम से पहले और दूसरे चरण की सभी सीटों को मथ लिया है। एक दिन में उनके दो से तीन प्रबुद्ध सम्मेलन हुए। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री तीनों ने ही पश्चिम से आक्रामक प्रचार शुरू कर दिया है। भाजपा की तुलना में विपक्ष प्रचार में पीछे है। बसपा प्रमुख मायावती के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे 6 अप्रैल से करेंगी। सपा में टिकट की उलझन चल रही है। पांच में चार सीटों पर उसको प्रत्याशी बदलने पड़े हैं।

# संक्षिप्त

## जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया जागरूक

औरैया ( यूएनएस )। जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में स्वीप मतदाता जागरुकता अभियान के तहत औरैया विधानसभा के अंतर्गत कम मतदान प्रतिशत विगत निर्वाचन के क्षेत्र में चौ0 विशम्भर सिंह भारतीय विद्यालय इण्टर कालेज औरैया एवं चौ0 विशम्भर सिंह भारतीय बालिका इ0 का0 औरैया,सुखबासी लाल इन्टर कालेज नरायनपुर, पं.चन्द्रप्रकाश शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरायनपुर औरैया,नन्दधलाल सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरैया के प्रधानाचार्य,शिक्षकों, स्टाफ,छात्र,छात्राओं को मुख्य विकास अधिकारी,नोडल अधिकारी ( स्वीप ) ने मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक एसपी यादव,कमलेश पाण्डेय प्रधानाचार्य सह.नोडल अधिकारी ( स्वीप ),संजय कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य एव समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।इसके उपरान्त मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी ( स्वीप ) ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने तथा इसका प्रचार प्रसार करने के लिए विशेष अपील की।साथ ही छात्र छात्राओं एवं स्वीप आइकन मोहित परमार व प्रधानाचार्य कमलेश पाण्डेय ने मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन के द्वारा सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।अंत में रैली नरायनपुर क्षेत्र से होते हुए चौ0 विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज औरैया में समाप्त हुई।

## ग्रामीणों ने रंगे हाथ पशु मेले से चोर व व्यापारी को पकड़ा

औरैया ( यूएनएस )। फफूंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माखनपुर में दो दिन पहले भैंस चोरी का ग्रामीणों ने काफी मेहनत कर चोर एवं व्यापारी को रंगे हाथों पकड़ा। माखनपुर के अशोक कुमार पुत्र राम सिंह की भैंस दो दिन पहले चोर चोरी कर ले गए थे जिसकी सूचना फफूंद थाने में दी थी। अशोक कुमार की अथक प्रयास के बाद चोर सहित भैंस बरामद कर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।जब ग्रामीणों ने व्यापारी से पूछा तो व्यापारी ने बताया कि मैंने 30 हजार रुपयों में खरीदी है मुझे नहीं पता था की ये भैंस चोरी की है।ग्रामीणों ने व्यापारी के पर आरोप लगाते हुए कहा कि चोर और तुम लोगों की मिली भगत से ही पशु चोरी होते हैं।पहले तुम लोग सौदा कर लेते हो और फिर पशुओं को चोरी कर पशुमेले में बिकवाते हो।क्योंकि आज के समय में तीस हजार रुपए में अच्छी भैंस नहीं मिलती हैं लेकिन आपने इतनी जल्दी भैंस का सौदा कैसे कर लिया क्योंकि आपको भलीभांति ज्ञात था कि यह भैंस चोरी की है इसलिए कम दामों में खरीद कर बाहर किसी दूसरे व्यापारी को ऊंचे दामों पर बेच दोगे और लगातार ऐसे ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दिलवाने में तुम्हारे जैसे व्यापारियों का हाथ होता है। पुलिस ने चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## चकरोड निर्माण में ग्रामीण बने अड़ंगा तो पुलिस ने पहुंच बनवाई सड़क

कन्नौज ( यूएनएस )। चकरोड निकलने गयी राजस्व टीम को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुये राजस्व टीम उल्टे पैर वापस हो गयी और आलाधिकारियों को पूरा मामला बताया। जिसके बाद कोतवाली से भारी फोर्स को गांव भेज सड़क निर्माण पूरा कराया गया इस दौरान कुछ ग्रामीणों ने विरोध कर काम रुकवाने कि कोशिश भी की, लेकिन पुलिस फोर्स देखकर किसी ने भी खुलकर विरोध नही किया।गांव की चकरोड को लेकर होने वाला ये विबाद कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र की औंटी ग्राम सभा के तारापुर गांव का है।यहां चकरोड निर्माण को कुछ माह पहले हरी झंडी मिली थी।निर्माण के लिये लेखपाल ने जह भी चयनित कर ली थी।उसके बाद भी रास्ते मे पड़ने वाले खेत के मालिकों ने गलत पैमाइश की बात कह विरोध शुरू कर दिया। आज जब सुबह लेखपाल राजस्व टीम व मजदूरों को लेकर सड़क बनवाने पहुंचे तो आक्रोशित ग्रामीणों ने टीम को खदेड़ लिया। लेखपाल ने पूरा मामला आलाधिकारियों को बताया तो बिना देरी किये लेखपाल के साथ नायब तहसीलदार और कोतवाल दिग्विजय सिंह की अगुवायी में एक टीम को रवाना कर दिया गया।

## मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का समापन

मैनपुरी ( यूएनएस )। उपयुक्त एनआरएलएम प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण शौकत अली ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया को त्रुटि रहित, शांतिपूर्ण एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशरू पालन सुनिश्चित करते हुए संपन्न कराने हेतु,जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह के निर्देशानुसार मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से मास्टर ट्रेनर्स का छोटे छोटे समूह में विकास भवन के सभागार में प्रशिक्षण कराया जा रहा है।वे मास्टर ट्रेनर पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-प्रथम,मतदान अधिकारी-द्वितीय,मतदान अधिकारी-तृतीय को मतदान के लिए प्रशिक्षित करेंगे।यह प्रशिक्षण 02अप्रैल से लगातार चल रहा है,05 अप्रैल को इस ट्रेनिंग का समापन होगा।उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मास्टर ट्रेनर से कहा कि वह मतदान प्रक्रिया की प्रत्येक गतिविधि से पूरी तरह भिज्ञ हो लें,इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के वैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट,वीवीपेट को भलीभांति कनेक्ट करने की बार-बार प्रैक्टिस करें ताकि मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देते समय कोई शंका न रहे।

## महिलाओ को मतदान हेतु किया जागरूक

कानपुर देहात ( यूएनएस )। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन के मार्गदर्शन में आज विकासखंड झींझक में महिला मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला व पुरुष मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया गया। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम गंगाराम, बीडीओ आशुतोष कुमार, सचिव, जिला मिशन प्रबंधक तौकीर, अंकित, ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।

# रेटगंज राशन दुकान की सीढ़ियों पर निर्वस्त्र मिली कानपुर की युवती

फर्रुखाबाद। शहर के रेटगंज स्थित राशन दुकान की सीढ़ियों पर कानपुर की एक युवती निर्वस्त्र अवस्था में बैठी मिली। भोर में सफाई कर्मी की नजर पड़ी। उसकी सूचना पर पहुंची महिलाओं ने उसे साड़ी ओढ़ाई। जिस परिसर में युवती थी वहां मुख्य फाटक पर चौकीदार ताला डालता है। युवती दो अन्य युवतियों के साथ मंगलवार को यहां आने की बात कह रही है।



शहर कोतवाली के रेटगंज में एक राशन की दुकान है। बाहर बड़ा फाटक है, जिसमें रोजाना शाम को चौकीदार ताला डालता है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे एक सफाई कर्मी अंदर झाडू लगाने गया, तो राशन दुकान भवन की सीढ़ियों पर लगा गेट बंद था। उसे नीचे लगी जाली में पैर दिखाई दिए। उसने गेट खोला, तो करीब 22 साल की युवती निर्वस्त्र अवस्था में बदहवास हालत में बैठी मिली। सफाई कर्मी ने सामने बने मकानों में रहने वालों को सूचना दी। कई महिलाएं पहुंची। निर्वस्त्र देख उसे साड़ी पहनाकर बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे कोतवाली ले गई।

युवती ने बताया कि वह कानपुर के थाना घाटमपुर क्षेत्र की निवासी है। वह दो युवतियों के साथ मंगलवार को यहां आई थी। युवतियां उससे पैसे मांग रही थीं, तो उसने उन्हें भगा दिया। आगे बात करने से पहले एक दरोगा ने उसे महिला सिपाही की मदद से रिक्शे पर बैठाकर कोतवाली भेज दिया। पुलिस पूरे मामले को काफी हल्के में ले रही है। बंद फाटक में अंदर पहुंचना सबसे बड़ा सवाल है।

कुछ मीडिया कर्मियों के हाथ में जैसे ही कैमरा दिखा, तो उसने फोटो खींचने से इन्कार कर दिया। उसने तुरंत ही अपना चेहरा भी साड़ी से ढक लिया। इससे साफ है कि वह सब कुछ स्पष्ट रूप से समझ रही थी। युवती ने बताया कि उसके पैसे और मोबाइल भी गुम हो गया है। युवती ने नाम, पिता का नाम, गांव, थाना व जिला तुरंत बता दिया। जब घर सूचना देने की बात कही, तो वह मना करने लगी। सब कुछ स्पष्ट बताने से नहीं लग रहा था कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा नशे की आदी है।

जिन सीढ़ियों पर युवती निर्वस्त्र हालत में मिली, उसकी छत काफी बड़ी है। एक कमरा भी बना है। सीढ़ियों के गेट पर ताला लटका था। छत पर बने एक कमरे में ताला पड़ा था। अंदर कूर्सी व चारपाई पड़ी दिखी। चारपाई पर शराब की खाली बोतल पड़ी थी। इससे साफ है कि उसमें शराब भी पी जाती है। युवती वहां तक कैसे पहुंची, उसके कपड़े कहां गए, यह बड़ा सवाल है। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया कि यह घर से ऐसे ही निकल आती है, नशा आदि की शौकीन है। परिजनों से बात हुई है, जैसे ही परिजन आते हैं, उनके सुपुर्द कर दी जाएगी। वह किसी भी गलत घटना के लिए इन्कार कर रही है। उसकी वीडियो रिकार्डिंग की है। वह मेरे सामने बैठकर सब बता रही है, तो अन्य चीजों में वह क्यों कूदें।

# बाग में फंदे से लटका मिला युवक, हत्या का आरोप

नवाबगंज। युवक का शव आम के बाग में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने गांव के पिता-पुत्र पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर तहरीर दी है। पुलिस ने मौके पर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर कामराज निवासी मनोज सिंह ( 25 ) बुधवार रात बिना बताए घर से निकल गया। भाई विकास सिंह गुरुवार भोर अपने आम के बाग में गया, जहां उसने भाई मनोज सिंह को मफलर के फंदे से लटका पाया। विकास के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।



विकास ने पुलिस को बताया कि गांव के एक ग्रामीण की पुत्री से भाई अनिल से शादी के रिश्ते की बात चली थी, लेकिन शादी तय नहीं हो पाई। भाई अनिल फौज में नौकरी करता है। इससे खुन्नस खाकर ग्रामीण ने अनिल व मनोज सहित चार लोगों के खिलाफ मऊदरवाजा थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करा दिया। मनोज मुकदमे की पैरवी करता था। पांच दिन पहले मुकदमे की पैरवी करने पर ग्रामीण व उसके पुत्र ने मनोज को जान से मारने की धमकी दी थी।

इसके कारण मनोज मानसिक रूप से परेशान रहता था। तंग आकर मनोज ने बुधवार रात किसी समय आम के बाग में मफलर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। भाई विकास, पुष्पेंद्र, राजेश व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। विकास ने ग्रामीण व उसके पुत्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने का भरोसा दिया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ आमोद सिंह ने बताया कि युवक ने आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने ग्रामीण व उसके पुत्र पर आरोप लगाकर तहरीर दी है। जिसकी जांच कराई जा रही है।

# बिना नक्शा के सोनी पारिया कॉलेज के भवन व दुकान निर्माण में नोटिस

फर्रुखाबाद। गैंगस्टर के मुकदमे में आरोपी पूर्व महासचिव के सोनी पारिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक को बिना नक्शा के कॉलेज का दो मंजिला भवन व व्यावसायिक निर्माण कराने के मामले में नोटिस देकर जवाब मांगा है। फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने कैंट निवासी बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया( शाहजहांपुर जेल में बंद ), मोहल्ला कसरट्टा निवासी माफिया बसपा नेता डॉ. अनुपम दुबे ( उम्रकैद की सजा में मथुरा जेल में बंद ) कादरीगेट थाना क्षेत्र के पांचालघाट चौकी के गांव बहादुरपुर निवासी शिव प्रताप उर्फ चीनू( फतेहगढ़ जिला जेल में बंद ) के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कराया था। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के आदेश पर पुलिस व प्रशासन ने संजीव पारिया व उनके परिजनों की 36.55 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर ली।

इसमें लोको रोड का सोनी पारिया इंटर कॉलेज, पब्लिक स्कूल व कमालगंज सोनी पारिया कॉलेज को कुर्क कर डीआईओएस को प्रबंधक नियुक्त किया गया था। प्रशासन ने लोको रोड स्थित सोनी पारिया इंटर कॉलेज की भूमि व प्रपत्रों की जांच कराई। इसमें इंटर कॉलेज में दो मंजिला भवन निर्माण व व्यावसायिक निर्माण में नक्शा पास होना नहीं पाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने सोनी पारिया इंटर कॉलेज के प्रबंधक को बिना नक्शा के कॉलेज में दो मंजिला भवन निर्माण व व्यावसायिक निर्माण के संबंध में नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने बताया कि बिना नक्शा निर्माण के संबंध में नोटिस भेजा गया है।

# किशोरी को ले जाने के आरोपी के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा

फर्रुखाबाद। किशोरी को ले जाने के आरोपी के घर पुलिस ने कुर्की नोटिस चस्पा किया है। दो वर्ष पहले युवक किशोरी को लेकर चला गया था। पुलिस अभी तक किशोरी को खोज नहीं कर पाई है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने मोहल्ला भीमसेन मार्केट अंबेडकर कालोनी निवासी विशाल कुमार, भाई सोनू सिंह, रवि सिंह, पिता सत्यपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री कक्षा 11 की छात्रा है। विशाल पुत्री को साथ लेकर चला गया।

पुलिस ने पुत्री को खोजकर विशाल को जेल भेज दिया था। मामले में विशाल को जमानत मिल गई। नौ नवंबर 2022 की रात वह परिवारीजनों के साथ सो रहा था। अचानक खटर-पटर की आवाज सुनकर उठा तो देखा पुत्री बिस्तर पर नहीं है। गेट खुला था विशाल उसको बाइक पर बैठाकर ले गया। विशाल के घर जाकर पुत्री को वापस करने की बात कही, लेकिन विशाल के परिजन तैयार नहीं हुए। विवेचक ने दोनों को तलाश करने का प्रयास किया, लेकिन उनके बारे में पता नहीं चला। पुलिस ने आरोपी विशाल के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट में कुर्की चस्पा के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद कर्नलगंज चौकी इंचार्ज ने विशाल के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा किया है। चौकी इंचार्ज नर सिंह ने बताया कि कुर्की नोटिस चस्पा किया है।

## इफ्तार पार्टी में मुस्लिम लिबास पहनकर आने का संदेश

फर्रुखाबाद। शहर के एक विद्यालय में इफ्तार पार्टी मनाने के लिए मुस्लिम लिबास पहनकर स्कूल पहुंचने की बच्चों को सूचना जारी की गई। इसका अभिभावकों सहित हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने विरोध किया। विरोध पर पहुंची पुलिस और खुफिया विभाग की टीम ने विद्यालय प्रबंधन से जानकारी की। प्रबंधन ने कार्यक्रम निरस्त कर दिया है। गुरुवार को शहर के रेलवे रोड स्थित एक स्कूल में रमजान माह के अंतिम शुक्रवार पर रमजान पार्टी का आयोजन प्रस्तावित किया गया। इसके लिए संबंधित शिक्षिका ने विद्यालय के रूप पर एक ऑडियो मैसेज डालकर बच्चों को सफेद कुर्ता-पायजामा, टोपी लगाने और छात्राओं को घाघरा-शरारा और हिजाब पहन कर आने की बात कही। ड्रेस कोड में टोपी न होने पर सिर पर सफेद रूमाल बांधने के निर्देश दिए। स्कूल की ओर से जारी संदेश का कुछ अभिभावकों ने विरोध किया। हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। कहा कि जिले को केरल नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने इसको लेकर वह पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराएंगे। कहा कि स्कूल को इस तरह का कार्यक्रम नहीं करना चाहिए।

# प्राधिकरण ने 25 करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

## दो खसरा के 10 हजार वर्गमीटर जमीन पर बने थे कमरे और बाउंड्री

नोएडा ( यूएनएस )। लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर आचार संहिता लगी है। इसका फायदा यहां भू माफिया उठाने का प्रयास कर रहे थे। नोएडा में भी अवैध निर्माण किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही प्राधिकरण ने मुआयना किया इसके बाद गुरुवार दोपहर को जेसीबी के जरिए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस दौरान करीब 10 हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इस जमीन की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। जमीन पर कलोनाइजर द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसके अलावा अवैध निर्माण और कमरे तक बने हुए थे। जिनको जेसीबी के जरिए ध्वस्त किया गया। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी और डीजीएम सिविल ने बुधवार को सेक्टर-164 और 163 का निरीक्षण किया था। इस दौरान मोहियापुर स्थित खसरा नंबर 51 और 203 पर अवैध निर्माण देखा गया। नियोजन विभाग से जमीन को चेक कराया गया।

ये जमीन मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित थी। ऐसे में एसीईओ ने इस अवैध निर्माण को तत्काल ध्वस्त करने के निर्देश दिए। जिसके बाद गुरुवार को प्राधिकरण और स्थानीय थाने की पुलिस के साथ करीब 50 कर्मचारी और जेसीबी की मदद से यहां बने अवैध कमरों को ध्वस्त किया। इसके बाद दोनों प्लाट पर की जा रही चारदिवारी को हटाया गया। साथ प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में लोग शांत रहे। प्राधिकरण एसीईओ संजय खत्री ने स्पष्ट कहा कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्काल ध्वस्त किया जाएगा। शहर वासियों से अपील है कि इस तरह बिना प्राधिकरण से चेक कराए और लुभावने विज्ञापन के चक्कर में फंसकर अपनी जीवन भर की कमाई मत गवाएं। जिन लोगों ने अवैध निर्माण किया था उनके खिलाफ संबंधित थाने में एफआईआर भी दर्ज की जा रही है। वहीं वर्क सर्किल-3 में सेक्टर-40 और 41 की बाजार के आस-पास प्राधिकरण के फ्लैटों के बाहर अवैध निर्माण कर लिया गया था। ये निर्माण फ्लैट आवंटियों ने ही किया था। इनको नोटिस जारी किया गया था। लेकिन इन्होंने अवैध निर्माण नहीं हटाया। प्राधिकरण की टीम ने यहां करीब आधा दर्जन फ्लैटों के बाहर बने छज्जा, कमरे और अन्य निर्माण को ध्वस्त किया साथ ही चेतावनी भी दी।

# कोर्ट ने व्यापारी के होल्ड किए रुपये खाते में डलवाने के दिए आदेश

फर्रुखाबाद। सीजेएम ने शहर कोतवाल को व्यापारी की शिनाख्त कर होल्ड किए रुपये खाते में ट्रांसफर कराने के आदेश दिए हैं। व्यापारी ने कागज के 70 रिम खरीदने के लिए रुपये ट्रांसफर किए थे। ठगी का अंदेशा होने पर टोलफ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराने पर ट्रांसफर किए रुपया होल्ड कर दिया गया था।



शहर कोतवाली के मोहल्ला खतराना निवासी व्यापारी जितेंद्र गुप्ता ने ए4 कागज के 70 रिम खरीदने के लिए राजस्थान जनपद अजमेर थाना किशनगढ़ क्षेत्र की श्याम इंटर प्राइजेज कंपनी के खाते में 20 अक्तूबर को 11550 रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। फर्म के मोबाइल नंबर पर जितेंद्र गुप्ता ने बात की। उधर से बोल रहे व्यक्ति ने बताया कि इतना ही रुपया खाते में और डालो तभी रिम की सप्लाई भेजी जाएगी। इसके बाद फोन स्वीच ऑफ कर लिया। जितेंद्र गुप्ता को ठगी का एहसास होने पर उन्होंने टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत दर्ज होत ही ट्रांसफर किया रुपया होल्ड कर दिया गया। जितेंद्र गुप्ता ने होल्ड किया रुपया दिलवाने के संबंध में सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। सीजेएम ने पूरे मामले में सुनवाई के बाद शहर कोतवाल को व्यापारी जितेंद्र की शिनाख्त कर होल्ड किया 11550 रुपये खाते में ट्रांसफर कराने के आदेश दिए हैं।

# लोकसभा चुनाव : बीजेपी ने झोंकी ताकत

## योगी आज जायेंगे बागपत और अलीगढ़, भूपेंद्र चौधरी मुजफ्फरनगर

लखनऊ (यूएनएस)। लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम से लेकर एमएलए तक जी जान लगाकर मिशन फतह 80 पर जुटे हैं। संगठन के पदाधिकारियों को भी लगाया गया है। वे भी अनवरत दौरे कर रहे हैं। दोनों डिप्टी सीएम भी बराबर दौरे पर चल रहे हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 05 अप्रैल को बागपत तथा अलीगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 12:10 बजे बागपत के गेटवे इंटरनेशनल में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:10 बजे गभाना तहसील के सामने मैदान, बरौली, अलीगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी 05 अप्रैल कोमुजफ्फरनगर के प्रवास पर रहेंगे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 11 बजे लव पैराडाइज, बैंकवेट हॉल, मीरापुर, मुजफ्फनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। दोपहर 01:45 बजे आर्यन वैंक्वेट हॉल, खतौली मुजफ्फरनगर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। तदोपरान्त सायं 04:30 बजे ग्राम सोरम, मुजफ्फरनगर में आयोजित जनचौपाल के माध्यम से जनसंवाद करेंगें। दूसरी ओर प्रदेश महामंत्री





संगठन धर्मपाल सिंह 05 अप्रैल को पीलीभीत व बरेली के प्रवास पर रहेंगे। धर्मपाल सिंह भाजपा जिला कार्यालय पीलीभीत तथा भाजपा जिला कार्यालय बरेली में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।इसके अलावा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 05 अप्रैल को अलीगढ़, अमरोहा एवं मुरादाबाद के प्रवास पर रहेंगे।श्री मौर्य सुबह 11:30 बजे डीएस कॉलेज ऑडिटोरियम, अलीगढ़ में कोल विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:30 बजे मोहन बैंक्वेट हॉल, जोया, अमरोहा में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। श्री मौर्य दोपहर 03:30 बजे राही होटल ग्राउन्ड, मुरादाबाद में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उधर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 05 अप्रैल को बाराबंकी के प्रवास पर रहेंगे। ब्रजेश पाठक सुबह 11:30 बजे जीआईसी आडिटोरियम बाराबंकी में आयोजित लोकसभा वॉलेंटियर सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी 05 अप्रैल को बुलन्दशहर व गौतमबुद्धनगर के प्रवास पर रहेंगे। सुधांशु त्रिवेदी दोपहर 02:30 बजे निकुंज हॉल, बुलन्दशहर तथा शाम 06 बजे कैलाश हॉस्पिटल ऑडिटोरियम, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आयोजित लोकसभा वॉलेंटियर सम्मेलनों में सम्मिलित होंगे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह चौहान 05 अप्रैल को अमरोहा के प्रवास पर रहेंगे।


मानवेन्द्र सिंह चौहान सुबह 11 बजे तंवर गेस्ट हाउस गढ़मुक्तेश्वर, अमरोहा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।इसके अलावा प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी 05 अप्रैल को मुरादाबाद के प्रवास पर रहेंगी। गुलाब देवी सायं 04 बजे लोकसभा प्रत्याशी कार्यालय, बुद्धविहार, मुरादाबाद में एनजीओ समूह की बैठक में सम्मिलित रहेंगी।वही प्रदेश सरकार के मंत्री सोमेन्द्र तोमर 05 अप्रैल को मुजफ्फरनगर के प्रवास पर रहेंगे। सोमेन्द्र तोमर दोपहर 01 बजे कमला फार्म, चरथावल मुजफ्फरनगर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

## कस्टम विभाग के 8 अधिकारियों पर गिरी गाज

लखनऊ (यूएनएस)। लखनऊ एयरपोर्ट मामले में फरार हुए 29 तस्करों के मामले में बड़ी कार्यवाही हुई है। सूत्रों का कहना है कि 8 अफसरों को हटा दिया गया है। उनकी जगह पर दूसरे अधिकारी तैनात हुए है। हालांकि कस्टम की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अधिकारियों को फोन करने पर वह कॉल काट रहे है। लेकिन बुधवार से ही बड़ी कार्रवाई की बात सामने आ रही थी। दरअसल, 29 तस्कर कस्टम की गिरफ्त से फरार हो गए। उनको रोकन की कोशिश की गई तो धक्का दे दिया। यह बातें पुलिस और मीडिया को बताई गई लेकिन एयरपोर्ट की सुरक्षा इतनी पुख्ता होती है तो कस्टम अधिकारियों की इस दलील पर लोगों को विश्वास नहीं हो रहा है। 29 लोगों के फरार होने के बाद एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने सभी के खिलाफबुधवार को सरोजनीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय को सूचना मिली थी कि शारजहा-लखनऊ की फ्लाइट से तस्करी का करीब 3.5 करोड़ रुपए का सोना, सिगरेट लाया जा रहा है।

## 1.63 लाख बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस: भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ (यूएनएस)। भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल शनिवार को प्रदेश के 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक, विधानसभा प्रभारी और संयोजक तथा स्थापना दिवस समारोह के जिला संयोजक उपस्थित रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से भी हमें आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी जी की सरकार बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करनी है।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी भी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाना है। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करनी है। लोगों से आग्रह कर घरों पर पार्टी



का झंडा लगवाना है। मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील से संबंधित हैंडबिल बाँटने हैं।कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि सभी बूथों पर कार्यक्रम की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। बूथों पर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, स्थानीय कार्यकर्ता और बूथों पर निवास करने वाले प्रदेश, क्षेत्र, जिला एवं मण्डल पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# विपक्ष के पास न कोई नेतृत्व और न कोई एजेंडा: मुख्यमंत्री

## तीसरी बार ब्रजवासियों की सेवा का अवसर मिलना मेरा सौभाग्य: हेमा मालिनी

मथुरा (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।भाजपा प्रत्याशी हेमा




मालिनी के नामांकन दाखिल करने के उपरांत मथुरा छावनी स्थित बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज मैदान में हुई जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि मथुरा महत्वपूर्ण लोकसभा सीट में से एक है।तीसरी बार जब हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया गया है तो किसी अन्य दल के पास प्रत्याशी ढूंढने से भी नहीं मिल रहे हैं। विपक्षी दल उधार में प्रत्याशी ला रहे हैं और जब उधार में भी प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं तो कांग्रेस नेता अपना आपा खो चुके हैं। सांसद हेमा मालिनी के सुझाव पर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से मथुरा के समग्र विकास की रूपरेखा तैयार की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ देश को गुमराह करने का काम किया। 60 वर्षों तक सरकार में रहते हुए भी कभी मथुरा, काशी और अयोध्या के विकास पर ध्यान ही नहीं दिया। मथुरा में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आने वाले तीन वर्षों में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि जीत के लिए नहीं बल्कि सबसे बड़ी जीत मथुरा लोकसभा में हो इसके लिए लड़ें। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार खोखले वायदे नहीं करती। जो कहती है उसको पूरा करती है।भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### हेमा ने दाखिल किया नामांकन

गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी के तौर पर मथुरा लोकसभा सीट से हेमा मालिनी ने नामांकन दाखिल किया।उनके नामांकन में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, पार्टी जिलाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# महाकुंभ 2025 खातिर लिया जा रहा अफसरों का मार्गदर्शन

## मुख्य सचिव ने महाकुंभ को ग्रीन और स्मार्ट बनाने पर दिया जोर

लखनऊ (यूएनएस)। महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए प्रतिबद्ध प्रदेश सरकार इसके लिए पूर्व में कुंभ व अर्द्धकुंभ मेलों में सराहनीय योगदान दे चुके वरिष्ठ अधिकारियों के बहुमूल्य अनुभवों और मार्गदर्शन का लाभ उठाने की योजना पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस दिशा में गुरुवार को योजना भवन, उत्तर प्रदेश सचिवालय में एक महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमे वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करने के साथ ही 2025 ने होने वाले महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्कशॉप में विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव, सचिव, मेलाधिकारी, कुंभ मेला, प्रयागराज, और अन्य मुख्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।कुंभ मेला 2001 के मेलाधिकारी रहे जीवेश नंदन ने महाकुंभ के कुशल आयोजन के लिए मेले को प्रोजेक्ट फेज और ऑपरेशन फेज में विभाजित करने के साथ-साथ अखाड़ा परिषद जैसे




हितधारकों का समर्थन प्राप्त करने के महत्व को रेखांकित किया। अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कुंभ मेला 2013 का प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें उन्होंने डिजास्टर मैनेजमेंट, एयर एम्बुलेंस, पब्लिक ट्रांसपोर्ट के कुशल प्रबंधन के साथ-साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समय सीमा के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। पर्यटन, संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने सर्किट टूरिज्म और स्पिरिचुअल टूरिज्म को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट के संदर्भ में डॉ एसएन साबत ने कुंभ मेला 2019 से प्राप्त अनुभवों को साझा किया, जिसमें उन्होंने पुलिस व्यवस्था के महत्व की चर्चा की। इसके अतिरिक्त वाराणसी पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर महाकुंभ के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी विभागों द्वारा की गई तैयारियों की सराहना करते हुए महाकुंभ को ग्रीन और स्मार्ट बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता और सफाई सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश दिए और प्रयागराज के निवासियों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। साथ ही, विभिन्न मिशनों के कुशल क्रियान्वयन के लिए सेंट्रल टीमों के मार्गदर्शन का आह्वान किया। वर्कशॉप के समापन पर मुख्य सचिव द्वारा वक्ताओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इस वर्कशॉप से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि कुंभ मेला 2025 श्रद्धालुओं, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार अनुभव हो।इससे पूर्व वर्कशॉप में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग अमृत अभिजात ने स्वागत उद्बोधन दिया और महाकुंभ 2025 की रूपरेखा का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया।

# मुख्यमंत्री ने भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ की बैठक

लखनऊ (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस समय पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा, लेकिन बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर, बांसगांव व संत कबीर नगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के लोगों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा, लेकिन बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और इसमें तनिक भी संदेह नहीं है, पर चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। उन्होंने अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फआंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट और बूथ केंद्रित व्यवस्था पर अधिक ध्यान देना है। बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सामाजिक टोली भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। बूथ समिति के पास संबंधित बूथ के एक-एक वोटर का ब्योरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निरंतर जनसंपर्क की




जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भी उठानी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक, अधिवक्ता, अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, व्यापारी, सामाजिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संगठन, सबसे मिलना है और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताकर फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को साकार करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि स्थानीय स्तर पर पूरी ताकत झोंक दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव में महिला मोर्चा के पास भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की पदाधिकारी आधी आबादी के बीच जाकर सघन जनसंपर्क करें और उन्हें मोदी सरकार में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर हुए अभूतपूर्व कार्यों से रूबरू कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला मोर्चा आधी आबादी को मतदान के दिन बूथ तक पहुंचने और कमल निशान का बटन दबाने के लिए प्रेरित करे।

## अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को टिकट

लखनऊ (यूएनएस)। समाजवादी पार्टी (सपा) ने मुरादाबाद की तर्ज पर मेरठ में भी नामांकन के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को अपना उम्मीदवार बदल दिया। पार्टी ने अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा के प्रान्तीय प्रवक्ता फखरुल हसन ने बताया कि पार्टी ने अतुल प्रधान का टिकट काटकर पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ की सरधना सीट से सपा के विधायक प्रधान ने बुधवार को ही नामांकन दाखिल किया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रधान अपना टिकट काटे जाने से नाराज थे लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का निर्णय है, वह स्वीकार है! जल्द ही साथियों से बैठकर बात करेंगे। अतुल प्रधान को पूर्व में घोषित अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन अब उनके स्थान पर सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। सपा ने इससे पहले मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिये भी नामांकन के अंतिम दिन गत 27 मार्च को मौजूदा सांसद एस.टी. हसन का टिकट काटकर वरिष्ठ सपा नेता आजम खां की करीबी सहयोगी पूर्व विधायक रुचि वीरा को उम्मीदवार बनाया था। इस बीच, राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा में प्रत्याशी बदले जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने एक्स पर कहा, विपक्ष में किस्मत वालों को ही कुछ घंटों के लिए लोकसभा चुनाव का टिकट मिलता है! और जिनका टिकट नहीं कटा, उनका नसीब।